SHREE JAIN LIBRARY
NO.—
SIROHI STATE
Date ——— 19

॥ श्रीवीतरागाय नमः ॥

दिगंबर जैन

सम्पादक-मूलचंद किसनदास कापड़िया चंदावाड़ी-सूरत।

वीर सं. २४५० फाल्गुन वि. सं. १९८०

वर्ष १७ वां ईस्वीसन् १९२४.

विषयानुक्रमणिका।

नं०	विषय	पृष्ठ
१.	सम्पादकीय विचार....	१
२.	जैन समाचार संग्रह....	३
३.	व्याख्यान, बेरिस्टर चम्पतरायजी, स्वागत सभापति, सं० प्रा० दि० जैन सभा इलाहाबाद	९
४.	सहवासके नियम ('वैद्य' से)	१९
५.	सच्चा सुख (प्रेमचन्द पंचरत्न, भिंड)	२३
६.	नीति-रत्नमाला (२)	२६
७.	मिट्टीके उपचार (जयाजीप्रतापसे)	२७
८.	ज्ञाति-तंत्र (गुजरातका एक ज्ञाति सेवक)	२९
९.	महात्माओनी अमृतवाणी (चुनीलाल वीरचंद गांधी)	३२

पेशगी वार्षिक मूल्य रु० २-०-० पोष्टेज सहित।

सांगलीमें जैन ग्रन्थालय-दक्षिण महाराष्ट्र जैन सभाकी ओरसे जिनवाणीकी रक्षार्थ जैन ग्रन्थालय खुल गया है जिसमें दक्षिणके सभी हस्त लिखित व मुद्रित ग्रन्थोंकी सूची इस तरह तैयार होगी कि स्थान२ पर प्रत्येक मंदिरमें आदमी भेजकर ग्रन्थोंका सूचीपत्र बनवाकर संग्रह करेंगे तथा जो कोई ग्रन्थ विनामूल्य अथवा मूल्यसे मिलेगा तो उसीको लाकर ग्रन्थालयमें रखेंगे। इसके मंत्री शातगोंडा रायगोंडा-पाटील सांगली (कोल्हापुर) है।

दक्षिणमें उपदेशक-दक्षिणमें किसी ग्राममें उपदेशककी आवश्यकता हो तो पत्र लिखनेपर उपदेशक भेजनेका प्रबंध भी द० म० जैन सभाने अभी किया है। इसके मंत्री डॉ० रामभाउ गुलाबचंद व्होरा, मिशन होस्पिटल, मीरज हैं।

सभापति हुए-नीमचमें मालवा दि० जैन प्रांतिक सभाके सभापतिका स्थान मंदसौर निवासी सेठ देवीचंदजी रईस ग्रहण करेंगे।

ઘોડાદર-થી મોડાસીયા ફતેહચંદભાઇ તારાચંદ લખી જણાવે છે કે હું તા૦ ૮-૩-૨૪ બાવલવાડાની પાઠશાળાની તપાસ અર્થે ગયો હતો, જ્યાં ૫૫ બાળકો ભણે છે. એક સભા કરી ઉપદેશ આપવાથી સંઘવી વીરચંદભાઇએ ૬૦)ની ભંડાર પેટી દેહેરાસરમાં ભેટ મુકી, છોકરાઓને જમણ આપ્યું તેમજ મોંઘી બ્હેન તથા સુંદર બ્હેને ૧૧૫) ની છત્રી દહેરાસરમાં ભેટ આપવા ઠરાવ્યું, તેમ કેટલાક વ્રત નિયમો પણ લેવાયા હતાં.

દેવલની પાઠશાળાને મદદની જરૂર હોવાથી લખાણ કર્યા કરવાથી હાલમાં તીર્થક્ષેત્ર કમેટીએ ૪૦) વાર્ષિક આપવા કબુલ્યું છે. તા૦ ૪-૩-૨૪ નવાગામની પાઠશાળામાં પણ હું ગયો હતો. ત્યાં ૫૦ બાળક ભણે છે. પરીક્ષા લીધી. પરિણામ સંતોષજનક છે. ૩૦) તેજ વખતે ઇનામ માટે મળ્યા હતા. વૈશાખ વદમાં નવાગામ, દેવલ, છાણી અને બાવલાવડા એ ચારે પાઠશાળાની પરીક્ષા લેવા જવા વિચાર છે. માટે કોઇ ભાઇને આવવું હોય તો વૈશાખ વદી ૫ પર ઘોડાદર પધારે. મુંબાઇથી સેઠ લલુભાઇ લક્ષ્મીચંદ ચોકસી પણ આવવાના છે.

નવાગામ-ની કસ્તુરચંદ અમથારામ જૈન પાઠશાલાની મુલાકાત તા૦ ૨૯-૨-૨૪ ને દિને શા૦ વેણીચંદ છગનલાલે લીધી હતી. અને પાઠશાળાના કાર્યથી ઘણોજ સંતોષ દર્શાવ્યો હતો.

વાંકાનેર-થી ગડીયા પાનાચંદ ગુલાબચંદ લખી જણાવે છે કે નવાવાસમાં જૈન પાઠશાળા સારી રીતે ચાલે છે. હાલ ૪૦ છોકરા છોકરી છે અને આજુબાજુના આવે તો ૭૦ થાય તેમ છે પણ બીજો માસ્તર રાખવાની જરૂર પડે પણ અત્રેના ભાઇયો તો સાધારણ સ્થિતિના છે જેથી જે મુજબ દેવલ, છાણી વગેરેમાં તીર્થક્ષેત્ર કમેટી તરફથી મદદ મળે છે તે મુજબ ૭) માસિકની મદદ એક માસ્તર માટે મળવાની જરૂર છે. આશા છે કે કમેટી એ પર ધ્યાન આપશેજ. વળી એ પાઠશાળા માટે જો કોઇ સખી ગૃહસ્થ ૫૦૦૦) આપે તો તેના નામથી સ્થાયી રૂપે પાઠશાળા ચાલી શકે. અત્રે ધાર્મિક ને વ્યવહારી બધીજ કેળવણી અપાય છે. વળી હું છાણી, નવાગામ ને બાવલાવાડાની પાઠશાળા જોઇને ઘોડાદર ગયો હતો ત્યાં ધર્માત્મા ઉત્સાહી શ્રાવક મોડાસીયા ફતેચંદ તારાચંદભાઇને મળ્યો. એ ભાઇ એ ત્રણે પાઠશાળાના મંત્રી છે ને ઘણાજ ઉત્સાહથી ત્રણે પાઠશાળાઓ નીભાવી રહ્યા છે પણ એઓ તદ્દન સાધારણ સ્થિતિના છે. એમના ભાઇ રૂપચંદભાઇ હાથે પગે લુલા છે તેમને મુકી બીજો ધંધો કરી શકતા નથી, જેથી જેની તરફથી આ ત્રણે પાઠશાલાઓ ચાલે છે તેમની તરફથી ૫) માસિક અને તીર્થક્ષેત્ર કમેટી તરફથી ૫) માસિકની મદદ મળે તો તેમના લુલા ભાઇની સેવા બજાવી ધર્મ ધ્યાન કરી પાઠશાળાને સારી સ્થિતિમાં લાવશે એવી પૂર્ણ ઉમેદ છે.

॥ श्रीवीतरागाय नमः ॥

दिगंबर जैन.

THE DIGAMBAR JAIN.

नाना कलाभिर्विविधश्च तत्त्वैः सत्योपदेशैस्सुगवेषणाभिः ।
संबोधयत्पत्रमिदं प्रवर्त्तताम्, दैगम्बरं जैन-समाज-मात्रम् ॥

वर्ष १७ वाँ. ‖ वीर संवत् २४५०. फाल्गुन वि० सं० १९८०. ‖ अंक ५ वां

सम्पादकीय वक्तव्य

मुजफ्फरनगरमें महा-मेला।

गतांकके समाचारोंसे पाठकोंको अच्छी तरह मालुम होगया होगा कि आगामी चैत्र सुदी १३ से वैशाख वदी २ तक मुजफ्फरनगरमें वेदी-प्रतिष्ठाके साथ२ **भारत दि० जैन परिषद्का** प्रथम अधिवेशन होनेवाला है और विशेष खुशीके समाचार यह भी मिले हैं कि इस मौके-पर वहां भारत० दि० जैन महिला परिषद्का भी १३ वां वार्षिक अधिवेशन धूमधामसे होगा। इस महामेलेका समय अतीव निकट है इसलिये भाईयों व बहिनोंको तुर्त ही मुजफ्फरनगर रवाना होजाना चाहिये। परिषद्के इतिहाससे हमारे पाठक परिचित ही होंगे कि इसकी स्थापना महासभाके गत देहली अधिवेशनके दिनोंमें हमारे विद्वान पढ़े लिखे महाशयोंने जैन समाज व धर्मकी विशेष सेवा व उन्नति करनेके लिये की थी। महासभा तथा जैनगजटकी स्थिति देखते हुए अंग्रे-जी पढे लिखे भाइयोंने जो यह कार्य उठाया है वह उचित ही है। परिषद्के स्थायी सभापति तो बेरिस्टर चम्पतरायजी हैं व इस अधिवेशनके सभापति रायसाहब बा. प्यारेलालजी वकील देहली जो कि हमारे पुराने पढ़े लिखे, धर्मज्ञ व अंगरेजीके भी विद्वान हैं तथा जो आजकल बड़ी धारासभामें प्रजाके एक सभासद हैं वे ही होंगे यह जानकर किसको खुशी न होगी? हमें याद है कि बा० प्यारेलालजी वकील इतने सीधे सादे हैं जो न तो अपना चित्र प्रकट होना चाहते हैं और न किसी सभाके सभापति बनना चाहते हैं उन्होंने इसबार ही सभापतिका स्थान स्वीकार किया है। इससे आप जैसे अनुभवी विचारशील अनन्य देश-व जातिभक्त अगुएके अधिपतित्वमें परिषद्का प्रथम अधिवेशन यशस्वी होनेकी पूर्ण उम्मेद है। महिला परिषद्के सभापति भी दानशीला श्रीमती बेसरबाईजी बड़वाहा, जिन्होंने विद्यादानमें हजारों रुपये आजतक खर्च किये हैं तथा जो बड़ी धर्मात्मा हैं, वे होंगे, इससे महिला परिषद् व उसके पत्र 'महिलादर्श' की विशेष उन्नति होनेकी भी इस अधिवेशनमें पूर्ण उम्मेद है। इस मौकेपर इस्टरकी छुट्टीके दिन आजानेसे

सभी अंगरेजी पढ़ेलिखे वकील बैरिस्टरों तथा नौकरीवाले भाइयोंको इस प्रतिष्ठा अधिवेशनोंके लाभ लेनेका अमूल्य अवसर आपहुंचा है जिसको न चूकना चाहिये। पूज्य ब्रह्मचारी शीतलप्रसादजी इस मौकेपर (पानीपतके मेलेमें होकर) यहां अवश्य पधारेंगे तथा बहुत करके हम भी नीमच होकर यहां जावेंगे इस लिये आगामी अंक मुजफ्फरनगरके समाचार सहित ही प्रकट होगा।

* * *

महावीर जयंती उत्सव।

गतांकमें तो हम स्मरण कराचुके हैं और फिर भी पाठकोंको याद दिलाते हैं कि हमारे अंतिम तीर्थंकर श्री महावीर प्रभुकी जन्म तिथि-जयंती आगामी चैत्र सुदी १३को अभीही आती है इसलिये इस पुण्य दिनको प्रत्येक जैनी भाई हरएक स्थानपर जहांतक हो एकबड़े भारी त्यौहार रूपमें मनावें। अन्य धर्मियोंकी जन्माष्टमी, रामनवमी आदि जयंतीपर्व कितने सार्वजनिक प्रचलित हैं कि उनकी सार्वजनिक छुट्टी सरकारकी ओरसे भी रहती है, परंतु जैनोंका ही दुर्भाग्य है कि उनकी महावीर जयंतीका परम पुण्यवंत दिन जाहिर त्यौहाररूपसे नहीं माना जाता इसमें खास दोष तो हमारा ही है। क्यों कि बहुत वर्षोंतक तो हम महावीर जयंती पर्व मनाना भूल ही गये और अब आठ दश वर्षसे मनाने लगे हैं, परंतु वह जिस बृहतरूपसे मनाया जाना चाहिये, नहीं मनाया जाता जिससे ही इस पर्वकी व्यापकता अन्य समाजोंमें व सरकारमें पूर्णरूपसे नहीं हुई है इसलिये अब तो हमारा कर्तव्य है कि हम इस वारके महावीर जयंती दिवसको तो इस रूपसे मनावें कि इसकी छाप अन्य मतपर भी पड़े। ऐसा करनेके लिये इस दिनका हमारा कार्यक्रम इस प्रकार होना चाहिये--

(१) गृह, मंदिरों, व दूकानोंपर सजावट करनी चाहिये--

(२) हरएक मंदिरमें सुबह महावीर पूजन होकर महावीरचरित्र शास्त्रसभामें सुनना चाहिये।

(३) गृहपर इस दिनको लग्नशादीके दिनसे भी पवित्र दिन मानना चाहिये।

(४) शामको हरएक ग्राम व नगरमें बड़ी भारी आमसभा करके महावीरजयंति उत्सव मनाना चाहिये जिसमें तीनों सम्प्रदायके जैनी भाइयोंको तो क्या, परन्तु शहरके तमाम धर्मके भाइयों व सरकारी ओफिसरोंको भी आमंत्रण करके बुलाना चाहिये व उसमें महावीर जीवन और हमारा कर्तव्यपर हमारे विद्वानोंके व्याख्यान कराने चाहिये तथा महावीरजयंती दिन पब्लिक होली डे (जाहिर त्यौहार) गवर्नमेंट द्वारा माना जावे ऐसा प्रस्ताव भी करना चाहिये। हम समझते हैं कि यदि हम इस विषयमें जोर-शोरसे आंदोलन जारी रखेंगे तो भविष्यमें हमारा महावीरजयंती दिन सार्वजनिक प्रसिद्धिमें आ जायगा। आशा है हमारे पाठक इस निवेदनपर अवश्य ध्यान देवेंगे।

पवित्र काश्मीरी केशर-

का भाव ३) फी तोला है।

मैनेजर--दि० जैन पुस्तकालय-सूरत।

जैन समाचारावलि।

પાવાગઢના મેળામાં વિશેષતા–મહા સુદ ૧૩ પર સિદ્ધક્ષેત્ર શ્રી પાવાગઢપર ભરાયલા વાર્ષિક મેળાના સંબંધમાં શેઠ લાલચંદ કહાનદાસ પ્રબંધકર્તા લખી જણાવે છે કે મેળાસમયે ત્રણ દિવસ સુધી રસોડું ખુલ્લું રહે છે જેથી એકલા આવનારને પણ સુભીતા છે. સુદ ૧૩ને દિને પહાડપરથી ઉતરતી વખતે જલપાન (ભાતું) અપાય છે. આ વર્ષે ધાયજના લલ્લુભાઇ દેવચંદ તરફથી અપાયું હતું ને સાંજે વેડચવાલા છગ્ગાભાઇએ સર્વેને જમણ આપ્યું હતું. વળી દરવર્ષે એક દિવસ જમણ કરવા માટે ૧૦૦૧) ચુનીલાલ ભાઇજી વડાસણ નારણભાઇના સ્મરણાર્થે, ૧૦૦૧) છગનલાલ ગંગાદાસ જોળ ચુનીલાલ વગેરેના સ્મરણાર્થે, તથા ૫૦૧) પારવતીબાઇ જોળના સ્મરણાર્થે એમ ૨૫૦૩) ભરાયા છે, જેના વ્યાજમાંથી જમણ થયા કરશે. વળી ધર્મશાળામાં શા. પાનાચંદ છગનલાલ જોળ, બાઇ ચંપાવતી વિધવા પરીખ લલ્લુભાઇ પ્રેમાનંદદાસે દરેકે ૨૫૧) આપી એક એક ઓરડીમાં નામ લખાવ્યું છે. હજુ ૧૪ કોઠરી બાકી છે, માટે જેણે નામ લખાવવું હોય તે લખાવી શકશે. વળી પહાડપર દુધીયા તળાવના મંદિરનો જીર્ણોદ્ધાર કરવાની જરૂર છે જે માટે આશરે ૧૫૦૦૦) ની આવશ્યકતા હોવાથી આ વખતે અપીલ કરવાથી રૂ. ૧૬૮૭ાા હિંદુસ્તાનના યાત્રીઓમાંથી ભરાયા છે, જેમાં ૫૭૫)ની રકમ તો લાલગઢવાળાની, ૩૫૫) નાગોરવાળાના ને ૫૬૮) તો કારંજાના ચવરે કુટુંબના છે. વધુ સહાયતાની જરૂર છે.

અમદાવાદની પ્રે.મો.દિ૦ જૈન બોર્ડિંગમાં રૂપાબાઇ સ્મારક મંડળનો ત્રીજો વાર્ષિક મેલાવડો પ્રસિદ્ધ દેશનેતા કાલેલકર કાકાના પ્રમુખપણા નીચે ચૈત્ર સુદી ૨ ને દિને થયો હતો.

मुजफ्फरनगरमें मेला व सभाएं–गतांकमें प्रकट किये अनुसार मुजफ्फरनगरमें आगामी चैत्र सुदी १३ से वैशाख वदी २ ता० १७ से २१ अप्रैल तक ला० होशियारसिंह सुमतप्रसादजीकी ओरसे वेदी प्रतिष्ठा उत्सव बड़े भारी समारोहके साथ होगा व उसके साथ २ हमारी **भारतवर्षीय दि० जैन परिषद्** जिसकी कि स्थापना गत वर्ष देहलीमें महासभाके समय हुई थी, उसका प्रथम वार्षिक अधिवेशन चैत्र सुदी १४–१५ व वदी १ को देहली निवासी रायसाहब लाला प्यारेलालजी जैन वकील (मेम्बर, बडी धारासभा)के सभापतित्वमें होगा। तथा भारतवर्षीय दि० जैन **महिला परिषद्**" का १२ वां वार्षिक अधिवेशन भी चैत्र सुदी १३–१४ को बडवाहा निवासी दानशीला श्रीमती बेसरबाईजीके सभापतित्वमें होगा। इसके लिये स्वागतकारिणी कमेटी नियुक्त हुई है जिसके सभापति ला० बलवीरचंद्र जैन वकील तथा मंत्री लाला पद्मप्रसाद जैनी नियुक्त हुए हैं। स्वयंसेवकोंकी एक सेना भी सेवाके लिये तैयार हुई है। ठहरनेके लिये डेरे आदिका इन्तजाम हो गया है तथा परिषद्के लिये खास अलग मंडप भी बनगया है। इस मौकेपर ऐ० पन्नालालजी महाराज, ब्र० सीतलप्रसादजी, पं० गणेशप्रसादजी वर्णी, न्या० पं० माणिकचंद्रजी मोरेना, बेरिस्टर जुगमंदरलालजी जज, बेरिस्टर चम्पतरायजी, बा० अजितप्रसादजी वकील आदि कई त्यागी व विद्वानोंके पधारनेकी पूर्ण संभावना है। सारांश कि प्रतिष्ठाके साथ२ परिषदोंके लिये स्वागत

कमेटी हरएक प्रकारकी तैयारी कररही है इससे परिषदका कार्य सुव्यवस्थापूर्वक होनेकी उम्मेद है मुजफ्फरनगर देहलीके पास ही N. W. रेल्वे पर खास स्टेशन है। यहांसे हस्तिनापुर क्षेत्र भी पास ही है। प्रथम जलेब सुदी १३ व अंतिम जलेब वदी १ को है। अपने जानेकी सुचना स्वागत मंत्रीको प्रथमसे देनी चाहिये। इन दिनोंमें इस्टरकी छुट्टी होनेसे हमारे अंग्रेजी पढ़े लिखे भाइयोंको परिषद व प्रतिष्ठामें भाग लेनेका अमूल्य अवसर ही प्राप्त हुआ है।

पानीपत-में पंजाब प्रा० दि० जैन सभाका अधिवेशन व रथयात्रा चैत्र सुदी ५ से ९ तक होगा। यहां भी रा० सा० बा० प्यारेलालजी वकील सभापति होंगे।

कुरावली-में वेदी प्रतिष्ठा व दि० जैन धर्मप्रचारिणी सभाका दूसरा अधिवेशन वैशाख वदी ७ से १० तक होगा। कुरावली मैनपुरी स्टेशनसे १४ मील है। सडक पक्की है व टांगे मोटरका भी प्रबंध है।

रेवाड़ी-में प्रतिष्ठा महोत्सव होगया। ५-६ हजार आदमी एकत्रित हुए थे।

मालवा दि० जैन प्रां० सभा-का १० वां अधिवेशन चैत्र सुदी ११-१३ को नीमच छावनीमें होगा तथा वेदी प्रतिष्ठा सुदी १३ को होगी। B. B. C. I. की छोटी लाईनमें नीमचका खास स्टेशन है। ठहरने, शुद्ध सामान आदिका सब उत्तम प्रबंध किया गया है।

मनोहरथाना-(कोटा) में भी रथोत्सव, वेदी प्रतिष्ठा व तेरहद्वीप पूजन विधान चैत्र सुदी ६ से १३ तक है।

धोंडराई (बीड-में लखनऊके ला० सुगनचंद गंगवाल किसी बारातमें गये थे वहां उपदेश देनेपर तीन भाईयोंने मैंकडेकी विक्री पीछे -) संस्थाओंको दान देनेका नियम लिया है।

पारसनाथ-पोस्टओफिसका नाम बदलनेका समाचार गतांकमें प्रकट किया था उसके लिये बंगाल, तीर्थक्षेत्र कमेटीके मंत्री छोटेलालजीके उद्योगसे 'पारसनाथ' नाम ही कायम रहा है अर्थात् शिखरजीपर पत्रव्यवहार पोष्ट पारसनाथ जि० हजारीबागसे ही कर सकते हैं।

परवार सभा-के महामंत्री सिं० कुंवरसेनजीके स्तीफा देनेपर बा० कस्तूरचंदजी वकील जबलपुर महामंत्री नियुक्त हुए हैं व कुंवरसेनजी उपसभापति बनाये गये हैं।

पागल कुत्तेके काटेका इलाज-इंदौरके सेठ हुकमचंदजीके जैन औषधालयमें उत्तम रीतिसे होनेका प्रबन्ध हुआ है। वहां होस्पिटलका (रहनेका प्रबन्ध) भी है।

संयुक्त प्रांतिक सभामें प्रस्ताव-अलाहाबादमें सं० प्रां० दि० जैन सभाका वार्षिकोत्सव ला० हुलासरायजी सहारनपुरके सभापतित्वमें हुआ था जिसमें इस प्रकार १९ प्रस्ताव पास हुए हैं-(१) जम्बूप्रसादजी, शिवचरणलालजी, ब्र० ज्ञानानन्दजी, न्या० दि० पं० पन्नालालजी, रा० ब० मेवारामजी आदिकी मृत्युके लिये शोक, (२) कोलारस नरेशको उचित न्यायके लिये धन्यवाद, (३) कोलारस जनताको धार्मिक दृढ़ताके लिये धन्यवाद, (४) संयुक्त प्रां०के दि० जैनोंकी एक डायरेक्टरी

तैयार की जाय जिसके लिये बा० शिवचरनलालजी जसवंतनगरकी मंत्रीपद पर नियुक्ति, (५) सभाका प्रचार करनेके लिये डेप्यूटेशनकी नियुक्ति, (६) दशलाक्षणी पर्वमें सं० प्रां० सरकारी कार्यालयोंमें जैन कर्मचारियोंको १० बजेसे १ बजेतक छुट्टी दीजाय तथा चैत्र सु० १३ (महावीरजयंती को सरकारी कार्यालय बंद रक्खे जांय, (७) हतवांतके प्राचीन मंदिरजीसे प्रतिमाएं उठा ली गई हैं वहांका विशाल मंदिर अपने कब्जेमें रखकर प्रतिमाओंके विवरणका पत्थर वहां लगवाया जाय, (८) कन्याविक्रय रोकनेका पूर्ण उद्योग किया जाय, (९) लखनउमें जैन छात्रालय बनानेके उद्योगके लिये कमेटीकी नियुक्ति, (१०) हरएक मंदिरमें शास्त्रसभा नित्य हो, (११) वर्तमान बिगडी हुई पद्धतिके जैन नाटक बन्द हों, (१२) बोलपुरके शांतिनिकेतनमें जैनधर्मकी शिक्षाके लिये एक जैन विद्वानकी नियुक्तिकी आवश्यक्ता (१३) जन जनसंख्याकी घटीके कारणोंपर विचार करनेके लिये कमेटीकी नियुक्ति, (१४) हिंदू विश्वविद्यालय–काशीमें जैन ग्रन्थोंका पठनक्रम संतोषप्रद है या नहीं उसकी जांचके लिये कमेटीकी नियुक्ति, (१५) पैंडउमें जैन मूर्तिको जखयादेव मानकर वहां बली हिंसा होती है इसके रोकनेके लिये कमेटीकी नियुक्ति, (१६) ला० देवीसहायजी, बा० चंपतरायजी, बा० अजितप्रसादजी, ला० रूपचंदजी, ब्र० सीतलप्रसादजीको धर्म व जाति–सेवाके लिये धन्यवाद, (१७) चैत्र सु० १ सोनागिर उपसर्ग निवारण दिन माना जाय। (१८) ला० जम्बूप्रसादजीके स्मारकका १ लाख रु० तीर्थरक्षा फंडके लिये एकत्रित करनेके लिये डेप्यूटेशनकी नियुक्ति, व बंगाल, सं० प्रांत, राजपूताना, मध्य प्रांत व बम्बई प्रांतसे बीस २ हजार रु० इकट्ठे करनेका ठहराव (१९) नवीन प्रबंध कमेटीका चुनाव।

घोर हिंसा बचानेका उद्योग–मुरादाबादके पास काशीपुरमें बालसुंदरी देवीपर गत नौरात्रिपर जीवदया प्र० सभा (आगरा)के मंत्री पं० बाबूरामजीके उद्योगसे एकभी जीवकी हिंसा नहीं हुई है। अब यहां चैत्र सुदी २ से फिर वार्षिक मेला भर रहा है जिससमय १५०० पाडे बकरेकी धर्मके दानमे क्रूरतासे हिंसा होती है उसको बंद करानेके लिये डेप्यूटेशन लेकर बाबूरामजी गये हुए हैं।

होसुर–(बेलगाम)में चैत्र सुदी ९ से १५ तक पंचकल्याणकोत्सव तथा रत्नत्रय संवर्धक सभाका नैमित्तिक अधिवेशन होगा।

केशलोंच व क्षुल्लक–बाहुबली पहाड (दक्षिण)पर मुनि श्री शांतिसागरजी (दक्षिण)ने फाल्गुन मासमें केशलोंच किया था तब मुनिश्रीके उपदेशसे नवीन ब्रह्मचारी खुशालचंदजी (नांदगांववाले) ने क्षुल्लक पदवी धारण करली है।

राजगिर–में श्वेतांबरियोंने नया झगडा उपस्थित करके हमारेपर दीवानी दावा दायर किया है।

शिखरराज–का जो प्रथम पट्टा बिहारके ले० गवर्नर फ्रेजरसाहब दि० जैनोंको दे गये थे व हमने ५०००) डिपोझीट रखे थे वह

पट्टा वाइसराय लोर्ड मिन्टो रद्द कर गये थे उसकी अपील प्रिवी कौंसिल (विलायत) में वर्षोंसे चलती थी वह अपील विलायतमें रद्द हो गई है। अभी इनंकसन केस व श्वे० का पट्टा (वेचाण) रद्द करनेका केस चल रहा है। तथा पूजा केसमें तो हमारी ही फतह हुई है। रांचीमें गत ता० २१ से इंकंक्सन केस चालू हुआ है।

महावीरजी-तीर्थका मेला चैत्रसुदी १९ को होता है वहांकी व्यवस्था सुधारनेके लिये इसवार वहां चैत्र सुदी १४को खास२ जैनोंकी एक मीटिंग होगी तथा हमारी तीर्थक्षेत्र कमेटीका दफ्तर वहां जायगा व कमेटीमें ही भंडार देनेका प्रबंध किया जायगा।

मुनि श्री चंद्रसागरजी-का शरीर अब स्वस्थ होता जाता है। आप अभी दो माह सिद्धवरकूट क्षेत्रमें ही निवास करेंगे। तथा आप वैशाख सुदी ५को केशलोंच करेंगे।

अष्टानिकामें बड़ा दान-सुजानगढ़में अष्टानिकापर्वमें ढाईद्वीप पूजन भी किया गया था तथा सेठ जुहारमलजी पांड्याके सुपुत्र दिलसुखजीने ९ उपवास निर्विघ्नतासे किये थे। पारणाके दिन आपने ३२५१) का इस प्रकार दान किया व सात व्यसन तंबाकू आदिका यावज्जीव त्याग किया-३०००) मंदिरमें उपकरण, ९०) स्था० पाठशाला, ५०) बडनगर अनाथालय, १०) लाडनू मंदिर, पचीस२ रु० अन्य चार संस्थाओंको।

स्या० महाविद्यालय-काशीका वार्षिकोत्सव आगामी वैशाख वदी १४ को होगा।

सोनागिर-उपसर्ग निवारणके लिये चैत्र सुदी १को कई स्थानोंपर पूजन करके उपवास किया गया था। सोनागिरके सब मंदिरोंपर अब कमाड हो गये हैं।

उदैपुर-में पार्श्वनाथ दि० जैन विद्यालयका वार्षिकोत्सव चैत्र बदी १२-१३ को होगया। ८ वर्षतक रहकर अध्ययन करें ऐसे छात्रोंकी यहां आवश्यकता है।

अलीगढ़-में भी चैत्र सुदी १३ पर पंचकल्याणक प्रतिष्ठा, जीवरक्षिणी सभा तथा पल्लीवाल सभा होगी।

बड़वाह-में बेसरबाई कन्या पाठशालाका वार्षिकोत्सव गत मासमें हो गया।

केकड़ीमें अनेक संस्थाएं-केकडीमें पं० धन्नालालजी पाटनी व सेठ लखमीचंदजी सेठी नसीराबादके द्रव्यव्ययसे उदासीनाश्रम, पाठशाला, बोर्डिंग, जैन सरस्वतीभवन व औषधालय खुला है जिसका संयुक्त नाम दि० जैन पारमार्थिक संस्थाऐं केकड़ी (अजमेर) रखा है। लाभ लेनेवाले उदासीन व बोर्डिंगमें रहनेवाले छात्र मंत्रीके नामसे पत्र व्यवहार करें।

भिलवड़ी-में चैत्र सुदी ५-६-७को श्री जिनसेनस्वामीका जयंती उत्सव होगा व साथमें द० म० जैन सभाका नैमितिक अधिवेशन होगा।

अंतरीक्षजीमें नया उपद्रव-श्री० चवरे वकील द्वारा समाचार मिले हैं कि श्वेतांबरियोंने अंतरीक्षजी क्षेत्रके दि० मुनीम, पुजारीके साथ बासीमकी कोर्टमें एक फौजदारी दावा किया है जिसकी सुनाई गत ता० ४को थी। १४४वीं कलमके अनुसार हुकम निकालनेकी भी श्वे०ने सु० पुलीसको अरजी की है।

महावीरजीके मेलेके—लिये प्रतिवर्षकी भांति इस वर्ष भी ता० १४ से २५ अप्रेल तक नागदा एक्सप्रेस ट्रेन पटोंदा महावीररोड स्टेशनपर ठहरेंगी इस लिये यात्रीगण सीधे पटोंदा महावीररोडकी ही टिकट लेवें।

दक्षिण महाराष्ट्र जैन सभा—का २६ वां अधिवेशन हुबलीमें गत मासमें मुनि श्री जिनविजयजी (श्वे०) के सभापतित्वमें हुआ था जिसमें इस मतलबके १३ प्रस्ताव पास हुए हैं—

(१) आदगोंडा पाटील, सेठ सखाराम नेमचंद, सेठ रामचंद नाथा, सेठ गंगाराम नाथा, कुमार सावंतप्पा सांगली, के वियोगका शोक (२) दादा जिनापा आष्टेने १०००० व अणप्पा शांतप्पा सांगलीने १२०००) जैन विद्यार्थियोंको स्कोलर्शीप देनेके लिये निकाले हैं उनको धन्यवाद, (३) द० म० प्रांतसे विलायत जाकर बेरिस्टर होकर प्रथम आनेवाले श्रीकांत पत्रावले गोकाकको अभिनंदन, (४) हरएक ग्रामके जैन बालक व बालिका पाठशाला जाकर शिक्षा लेवे ऐसी व्यवस्था करना, (५) देशकी औद्योगिक स्थिति सुधारनेके लिये स्वदेशी उद्योग धंदे शुरू करने व स्वदेशी वस्तु ही वापरनेकी सूचना (६) समाजकी अंतर्जातियोंमें परस्पर रोटी बेटी व्यवहार किया जावे, (७) सभाकी जैन बोर्डिंगोंमें धर्म शिक्षा देनेकी व्यवस्था रखी गई है परंतु अंगरेजी पढ़नेवाले छात्रोंके योग्य धार्मिक शिक्षाकी खास पुस्तकें तैयारकर प्रकट करनेकी आवश्यकता है। वे न हो वहांतक अभी जो पुस्तकें चलती हैं उससे काम लिया जावे तथा धार्मिक शिक्षण प्रचारके लिये उपदेशक नियुक्त किया जावे, (८) कितनी ही सरकारी पुस्तकोंमें जैनधर्म संबंधी अनेक असंबद्ध भूलें छप गई है उसको दूर करानेका पत्रव्यवहार करनेके लिये ९ महाशयोंकी नियुक्ति, (९) सभाकी ओरसे सांगली जैन बोर्डिंगमें एक जैन ग्रन्थालय (सरस्वतिभवन) खोला जावे, (१०) समाजमें अनेक व्यापारी धर्मादा रकम अलग निकालकर अपने यहां ही जमा रखकर उसका उपयोग नहीं करते हैं इस लिये धर्मादा रकम ज्ञानदानमें तुर्त ही खुद अथवा जैन संस्था द्वारा खर्च करनी चाहिये, (११) श्वेतांबर, दिगंबर, स्थानकवासी जैन समाजमें परस्पर ऐक्य होनेकी आवश्यक्ता है इसलिये दिगंबरी श्वेतांबरीमें धार्मिक सामाजिक झघडे खडे करनेवालेका निषेध करते हैं व ऐक्य करनेकी कोशिश करनेके लिये—जिनविजयजी, तिलकविजयजी, लट्टे वकील, चौगले वकील, हीराचंद नेमचंद दोशी, मोतीचंद व्होरा पूना, भाउ पाटील सांगली, सेठ ताराचंद नवलचंद्र, चतुर पितांबर सांगली, करमसी खेतसी हुबली, वालूभाई पानाचंद पूना, शीवजी देवशी व पोपटलाल रायचंद शाह पूना ऐसे १३ महाशयोंकी नियुक्ति, (१२) जैन जनसंख्या कम होती जाती है उसके लिये नीचे लिखे उपाय करने चाहिये—बालविवाह बंद हो अथात कन्या १४ व वरकी आयु १९ वर्ष होनेपर ही विवाह करें, वृद्ध विवाह बंद करें, अंतर्जातियोंमें विवाह करें, जैनेतरोंमें जैन धर्मका प्रसार करें, बहु विवाह बंद हो, कन्याविक्रय व हुंडाका रिवाज बंद हो, (१३) सिद्धांत ग्रन्थ श्री जयधवल महाधवल प्रसिद्धिमें लानेके लिये मुडबिद्रिके पंच व भट्टारकको विनति।

यंत्रके लिये खुलासा–हमारी सूचनानुसार उपयोगी यंत्र मंगानेको अनेक पत्र ≈)॥ की टिकिट सहित गुजराती मराठी भाषाके लिखे हुये हमारे पास आये हैं जो कि यहांपर पढ़े नहीं गये। हमारा सर्व भाइयोंसे निवेदन है कि ये सभी यंत्र विधि पूर्वक ताम्बेमें मढ़े गये हैं। जिस भाईको जिस यंत्रकी आवश्यक्ता हो खुलासा लिखे कि कौनसा यंत्र भेजा जावे। एक यंत्रका पैकिंग आदि डेढ़ आना –)॥ खर्च रहता है। डाक खर्च न्यारा है। जो भाई अधिक यंत्र मंगाना चाहैं वे रजिस्टरी खर्च और पैकिंग खर्चके टिकट भेजकर अपना पता पोष्ट जिला आदि इसी नागरी भाषामें खुलासा लिखें। हमने परोपकार अर्थ और मिथ्यात्व हटाने अर्थ बड़े परिश्रमसे ये यंत्र तैयार किये हैं।

पं० नियालाल जैन–पानीपत (करनाल)

प्रतिष्ठाओंकी भरमार–आजकल बिम्ब प्रतिष्ठाओं और पूजाओंकी पहिलेसे अधिक चर्चा मालूम होती है और उनमें भाइयोंका बहु संख्यामें एकत्र होना हर्षकी बात है मगर उसके साथ यह निहायत आवश्यक और उपयोगी है कि मंदिरोंकी सेवाके लिए जो हमारे कर्तव्य हैं उनसे हम बेखबर न रहें। अगरचे सब जगह ऐसा नहीं होता तोभी भारतवर्षमें बहुतसी जगहपर पूजनप्रक्षाल आदि सेवाके सम्बंधमें कुछ उत्साह कम होता जाता है जिसके कुछ कारण नीचे लिखे जाते हैं–

(१) इसवक्त भारतवर्षमें बहुतसे ऐसे जैन मंदिर मिलेगें जिनमें पूजन नियम पूर्वक नित्य नहीं होती। बहुतसी जगहपर लोगोंने पूजनके वारे नियत कर रक्खे हैं परन्तु वह महाशय वारेके दिवस भी बहुत ही कम आते हैं।

(२) बहुधा मंदिरोंमें प्रक्षालके करनेमें भी जितना समय लगाना चाहिए उससे कम समयमें की जाती है। यह स्पष्ट प्रगट है कि जितनी जियादा प्रतिबिम्ब किसी वेदीमें विराजमान होंगी उतना ही अधिक समय उनकी प्रक्षालमें लगेगा।

(३) बहुधा स्थानोंपर जैनियोंकी बहु संख्या होते हुए भी पूजन प्रक्षालके लिए पंडित नौकर रक्खे जाते हैं। जिन अरहंत देवके दर्शन और पूजन करनेकी स्वर्ग लोकके इन्द्र भी अभिलाषा करते हैं उनकी पूजन और प्रक्षाल नौकरोंसे कराना और आप न करना अत्यंत अनुचित बात है।

(४) जो सामग्री दर्शन और पूजन करते समय चढ़ाई जा चुकी है (बजाए इसके कि उस सामग्रीका हवन किया जावे या उसको तालाबमें डालदिया जावे या किसी अलहदी जगहपर डाल दिया जावे) वह सामग्री मंदिरके व्यासोंको वेतनके रूपमें दी जाती है क्योंकि जिस अल्प वेतनपर व्यासलोग मंदिरोंमें नौकर रक्खे जाते हैं यदि उनको यह सामग्री न दी जावे तो वह इस वेतनपर नौकरी करना कदाचित् स्वीकार न करेंगें।

मेरी यह प्रार्थना है कि जैनधर्मके प्रेमी महानुभाव मंदिरोंकी सेवामें जहां इस प्रकारकी त्रुटियां पावें उनको दूर करनेका पूर्ण प्रकारसे यत्न करें। इन्द्रलाल–देहली।

व्याख्यान--

बेरिस्टर चंपरायजी, स्वागत सभापति

सं० प्रां० दि० जैन सभा अधिवेशन-प्रयाग।

सज्जनगण उपस्थित बन्धुओ,

आजका दिन मेरे लिए बड़ा हर्षप्रद है कि मुझे जैन होस्टेल इलाहाबादकी ओरसे यु० पी० जैन सभाके स्वागत करनेका सौभाग्य प्राप्त हुआ है। स्वागतका सम्बन्ध चार बातोंसे हुआ करता है। (१) स्थान (२) काल अर्थात् समय (३) आगन्तुक (जिसका स्वागत किया जाय) और (४) स्वागत करनेवाला। यहाँपर चारों अङ्ग स्वागतके श्रेष्ठतम हैं।

प्रथम स्थानकी ओर ध्यान कीजिये जो प्रयागराजके नामसे जगतप्रसिद्ध है। वर्तमान अवसर्पिणीमें प्रथम पूज्य क्षेत्र प्रयागराज ही है। इसी क्षेत्रमें प्रथम पूज्य तीर्थंकर भगवान श्री आदिनाथस्वामीने तप धारण किया था और इस प्रकार इसको सदैव कालके लिये पवित्रताका पात्र तथा पूज्य बना दिया। यहांकी त्रिवेणी अर्थात् गङ्गा, यमुना, सरस्वतीका संगम साक्षात् सम्यग्ज्ञान, सम्यग्चारित्रके संगमरूपी धारा प्रवाहकी ओर संकेत करता है मानो मोक्षमार्गको स्पष्टतया दर्शा रहा है। यही संगम दूसरे अर्थमें हमारे हिन्दू भाइयोंके मुख्य तीर्थस्थानोंमेंसे एक है जिसके मज्जनके लिए देश-देशान्तरके यात्री एकत्रित होते हैं और स्नान नमस्कार द्वारा आत्मिक पवित्रता और शुद्धताको प्राप्त करनेकी इच्छा प्रगट करते हैं। योगियोंकी भाषामें यही त्रिवेणी इड़ा, पिङ्गला और शुष्मना नाड़ियोंके संगम स्वरूपको अपने रूप द्वारा दर्शाती है जिसके मज्जन करनेका भाव केवल मूलाधार चक्रमें ध्यान द्वारा स्नान करनेका है ताकि विषयवासना शांत होकर कर्मलेप आत्मासे धुलकर छूट जाय। अतः जिस स्थान पर स्वागत मनाया जा रहा है वह अपने महात्म्यकी अपेक्षासे निराली ही छवि रखता है।

दूसरी बात स्वागतके कालसे सम्बन्ध रखती है। यह स्वयंसिद्ध है कि कोई अवसर संसारमें देवाधिदेव श्री १००८ भगवान अर्हन्तदेवके प्रत्यक्ष या परोक्ष रूपमें विराजमान होनेके समयसे अधिक शुभ और मंगलकारी नहीं हो सकता है। मेरे वक्तव्यका अवसर भी ऐसे ही समय प्राप्त हुआ है कि जिस समय प्रत्यक्षमें तो नहीं परन्तु परोक्षमें साक्षात् जिनेन्द्र देव मूर्ति रूपमें यहां विराजमान हैं। और चूंकि यह अवसर अर्हन्त भगवानकी वेदी प्रतिष्ठाका है इसलिए सर्वांश और सर्व-देश मंगलमय है। हमारे हिंदू भाइयोंको भी ऐसा शुभ अवसर वर्षों पीछे प्राप्त हुआ है कि अर्धकुम्भ पर्व अनुमानतः एक माससे आरम्भ है और अभी कुछ दिनों रहेगा। इसलिए समय भी अत्यन्त शुभ और लाभदायक है।

तीसरी बात आगंतुकके गुणोंसे सम्बन्ध रखती है। सो जगत्में अहिंसात्मक धर्म सर्वश्रेष्ठ माने गये हैं, उनमेंसे वह जो अहिंसा व्रतका सर्व

अंश व सर्व देशमें पालन व प्रचार करे वही श्रेष्ठतम धर्म है । तथा जैनधर्मकी मूल शिक्षा ही "अहिंसा परमो धर्मः" है जिसके महत्वको स्थूल शब्दों द्वारा वर्णन करना असम्भव प्रतीत होता है । जिन महानुभावोंका स्वागत किया जारहा है वह इसी श्रेष्ठतम अर्थात् जैन धर्मके अनुयायी यू० पी० जैनसभाके सभासद हैं । जैन धर्मके विषयमें मेरा यह विचार है कि प्राचीन समयमें चारित्र, सभ्यता, विद्या कार्य-कुशलता आदि उत्तम गुणोंमें इनके अनुयायियोंसे बढ़कर और कोई मनुष्य नहीं हुए हैं । इसलिए अब यह आवश्यकता नहीं जान पड़ती कि स्वागत किये जानेवाली सभा या सभासदोंका अधिक समय तक गुणगान किया जाय क्योंकि कस्तूरी स्वयं अपनी सुगंध द्वारा पहिचान ली जाती है ।

चौथी बात सेवक अर्थात स्वागत करनेवालेके स्वरूप व सुभावसे सम्बन्ध रखती है । सो जैन होस्टेल विनीत विद्यार्थियोंका समूह है जो धीमानों श्रीमानों धनाढ्योंकी संज्ञामें नहीं आते हैं और जिनका महत्व केवल विद्यार्थीपन (विद्योपार्जन) पर ही सीमित है । परन्तु यह सेवक साधारण अशिक्षित विद्यार्थी भी नहीं हैं । इनमेंसे कुछ ऐसे भी हैं जो इसके निकट पहुंच गये हैं कि बड़े बड़े विद्वज्जनोंकी सभामें बराबरीका आसन ग्रहण करें । यह छात्र जैनत्व रंगसे पूर्णतया रंगे हुये हैं और उत्साहकी उमंगें इनके दिलोंमें उठ रही हैं । मुझे विश्वास है कि इनमेंसे कुछ अवश्य ही अपने समयमें प्रभावशाली बुद्धिमत्ताको प्रकट करेंगे । स्वर्गीय कुमार देवेन्द्रप्रसादजीके, जिनका सम्बन्ध इस होस्टेलसे कुछ समय तक रहा है, शुभ और सुभग कार्य कुशलतामयी जीवनीकी छाप इनके कोमल ग्राह्य हृदयोंपर अंकित है । इनके ही उत्साहको देखकर स्वर्गीय लाला सुमेरचंद साहबकी धर्मपत्नी श्रीमती झपोलाकुंवरजीने अपने पतिके स्मरणार्थ बहुतसा धन व्यय करके ११ वर्ष हुए इस होस्टेलको स्थापित किया और उस समयसे निरन्तर इस प्रयत्नमें संलग्न रहती हैं कि इस संस्था तथा यहांके छात्रोंकी अद्वितीय उन्नति हो जिससे इतने कम समयमें यह होस्टल सब होस्टलोंकी अपेक्षा प्रसिद्ध हो गया है और इसकी उन्नतिकी प्रशंसा सर्व दर्शकों तथा गवर्नमेंट और विश्व विद्यालयके अधिकारियोंने की है । गवर्नमेंटकी सहायतासे इसी मासमें बिजलीकी रोशनी भी तमाम होस्टेलमें लग गई है । लेक्चर (व्याख्यान) का बड़ा हाल और मनोहर जिन चैत्यालय जिसकी वेदीप्रतिष्ठाका उत्सव मनानेके लिये सर्व सज्जन इस समय एकत्रित हुए हैं । इस साल श्रीमती संस्थापिकाजीकी विशेष उदारता और दानशक्तिकी साक्षी है । जिनागममें चार प्रकारके दान कहे गये हैं । विद्या दान इन सबमें श्रेष्ठ है जिसका फल इतना महान है कि वाणी द्वारा वर्णन नहीं हो सकता है । इसीका एक छोटासा उदाहरण यह जैन होस्टेल आपके समक्ष है । हां ! धन्य और कोटिशः धन्य उस दानको है जो पात्रको मूर्खसे ज्ञानी बनावे और मोक्ष लाभके सन्मुख करदे । आशा है कि हमारी पुण्यवान संस्थापिकाजीका अनुकरण हमारे अन्य

भाई बहिनकर अपने आपको उस अपूर्व कीर्ति और यशके पात्र बनावेंगे जो इस समय श्रीमतीजीको प्राप्त हैं। यहांपर यह भी प्रगटकर देना आवश्यकीय है कि वर्तमान समयके उपस्थित सज्जनोंके निमंत्रण तथा व्ययका सौभाग्य भी उक्त महोदयाको ही प्राप्त है।

इस सिलसिलेमें मैं बाबू शिवचरणलाल वकीलकी अचानक व अकाल मृत्युपर शोक प्रकट किये विना नहीं रह सकता हूँ। वह इस होस्टेलके भूतपूर्व प्रेसीडेन्ट थे। उनकी हार्दिक भावना सदा इस होस्टेलके उन्नतिकी ही रही जिसका वे उत्तमताके साथ प्रयत्न अपने जीवन कालमें करते रहे और जो सौंदर्य्य व सुयोग्यता यहांपर दृष्टिगोचर है वह उन्हींके निःस्वार्थ परिश्रमका फलस्वरूप है। आशा है कि उन महोदयकी आत्मा निज पदको शीघ्र ग्रहण करेगी।

इसके साथ मुझे **शिक्षाप्रणाली** विषयपर विशेष यह कहना है कि कुछ सज्जनोंका यह विचार है कि **अङ्गरेजी शिक्षा** हानिकारक और त्याज्य ही है तथा अब हमको उचित है कि हम अपने बच्चोंको ऐसी शिक्षासे हटाकर केवल संस्कृतकी शिक्षा दिलावें। परन्तु मेरे विचारसे यह एक भ्रमपूर्ण और नितान्त अयोग्य विचार है जो उन व्यक्तियोंके हृदयोंमें जो यहांके छात्रोंसे जानकारी रखते हैं कदापि उत्पन्न नहीं हो सकता। मैं कुछ विस्तारके साथ इस विषयपर समालोचना करूंगा जिसके लिये मैं आशा करता हूँ कि आप मुझको क्षमा करेंगे। प्रथम अंग्रेजी भाषाकी ओर ध्यान दीजिये। जितनी नई खोजें गत एक सहस्र वर्षोंके भीतर हुई हैं वह सब भारतवर्षके बाहर, इङ्गलिस्तान और अन्य देशोंमें ही हुई हैं और उन्हीं देशोंकी भाषाओंमें उनका वर्णन है। इस अंग्रेजी भाषाके ज्ञाता करीब करीब समस्त संसारमें मिलते हैं जिसके कारण इसके द्वारा प्रत्येक बातका प्रचार सुलभतासे समस्त देशोंमें हो सकता है। इसके अतिरिक्त अंग्रेजी भाषा विज्ञानकी जीती जागती भाषा है और समस्त विद्याओं और कला-कौशल इत्यादिका भण्डार भी इसी भाषामें ही है। फिर अंग्रेजी ज़बान राज्य भाषा भी है इससे इसका प्रचार प्रतिदिन उन्नतिपर है। जब तक भारतवर्षका सम्बन्ध अंग्रेज जातिसे है तब तक यह उनकी भाषा भी अवश्य उन्नति करती रहेगी। इसलिए इस भाषाके अतिरिक्त और कोई भाषा इस समय भारतवर्षके लिये राज और सांसारिक विद्या तथा कार्यकुशलतामें प्रतिष्ठा प्राप्तिका द्वार नहीं है। राज्य नियम अर्थात् कानून भी अंगरेजी भाषामें ही बनाए व लिखे जाते हैं।

क्या उर्दू, हिंदी तथा संस्कृत भाषायें वर्तमान कालमें अंगरेजोकी समताकर सकती हैं? मैं विचार द्वारा इस कहनेपर बाध्य होता हूँ कि नहीं! कारण कि उर्दू भाषा तो साइन्स, फिलासफी (विज्ञान) और कानून तीनों हीसे खाली है मगर हिंदी केवल फिलासफीके लिये अवश्य मौजूँ है। साइन्स व साइंटिफिक विद्याध्ययनके लिये कुछ महानुभावोंने उर्दू और हिंदी भाषाओंके सुधारनेका भी प्रयत्न किया परन्तु इस कार्यमें उनको कुछ अधिक सफलता

प्राप्त नहीं हुई। एक दफा कुछ कानूनी नजा-यरके अनुवाद भी उर्दू भाषामें छपे थे परन्तु उनका कुछ आदर नहीं हुआ और जहाँ तक मुझे विदित है उनका छपना भी बिल्कुल बंद हो गया है। साइन्समें अनुवादसे भी काम नहीं चलता, क्योंकि प्रथम तो साइन्सकी परि-भाषाके लिये इन भाषाओंमें सुयोग्य शब्द ही नहीं मिलते हैं; दुसरे किस किस बातका कौन तक अनुवाद किया जाय। नित्यप्रति नवीन खोजें हुआ करती हैं और निरन्तर सहस्रों पुस्तकें प्रकाशित होती रहती हैं। इतने अनुवाद भी कहांसे आयेंगे। क्यां अंगरेजी भाषासे पूर्णतया जानकारी प्राप्त किये विना कोई व्यक्ति किसी पुस्तकका अनुवाद कर सकेगा?

अब संस्कृतको लीजिये, यह तो उर्दू हिन्दीसे भी अधिक इस समयमें साइन्सकी भाषा कह-लानेके अयोग्य है। इसके पूर्ण ज्ञाता तो भारत वर्षमें अनुमानतः सौ दो सौसे अधिक प्राप्त न होंगे। यह भाषा मादरी (निजी) ज़बान भी नहीं है कि जो सुनने सुनाने ही से आ जावे। जितने ज्ञान व विद्यायें व कला—कौशल किसी समयमें इस भाषामें थे वह सब अब प्रायः नष्ट हो चुके हैं। केवल एक धर्मका विज्ञान शेष है सो वह बहुत कुछ लुप्त होचुका है। अब वह समय संस्कृत भाषाकी उन्नतिका बाकी नहीं रहा जैसा कि श्रीनेमचन्द्र सिद्धान्त चक्रवर्ती तथा श्रीसमन्तभद्राचार्य्य जैसे शास्त्रकारोंके समयमें था। वर्तमानकालमें उनकी समताका कोई भी बुद्धिमान पैदा नहीं हुआ यद्यपि जैनियोंमें भी अब कई विद्यालय ऐसे हैं जिनमें सिद्धान्त पढ़ाया जाता है। योरुपीय विद्याओं और हुन-संस्कृत भाषामें अनुवाद करना तो केवल समय और शक्तिका निरर्थक प्रयोग करना ही ठहरेगा, क्योंकि उसके व्ययका तो कुछ ठिकाना ही नहीं कितना अधिक हो, परन्तु यह भी नहीं कहा जा सकता है कि बहुतसे मनुष्य इस प्रकारके अनुवादोंसे लाभ उठा सकेंगे। साइन्स केवल घरमें बैठकर पुस्तकों द्वारा ही सीखा सिखाया नहीं जा सकता है। उसके प्राप्त करनेके लिए विविध प्रकारके अनुभवों (Experiments)की आवश्यकता है जो यन्त्रोंकी सहायतासे अंग्रेजी स्कूलों और कालिजोंमें ही कराये जा सकते हैं।

यह भी नहीं हो सकता कि हम कहें कि सांसारिक विद्याओं, ज्ञान तथा हुनरोंको सीख कर ही क्या करेंगे, केवल संस्कृत विद्या ही निरन्तर पढ़ते रहें तो अच्छा है। अव्वल तो ऐसा होना ही असम्भव है; यदि यह मान भी लिया जावे कि प्रत्येक व्यक्तिको हम एक प्रस्तावके द्वारा इस बातपर बाध्य करदें कि वह सब विद्याओं व हुनरोंको छोड़कर केवल संस्कृत भाषामें ही पुस्तकें अध्ययन किया करें तो इसका फल अवश्य यही होगा कि हमारी लोकमें प्रतिष्ठा जाती रहेगी, क्योंकि कार्यकुशलता व चातुर्य्यताके कारण ही मनुष्य व जातियोंकी लोकमें प्रतिष्ठा हुआ करती है और इन्हींसे धनकी भी प्राप्ति होती है। सांसारिक विद्याओं तथा कृतियोंमें कुशलता प्राप्त करना तो दूर रहा जब हम उनसे नितांत अनभिज्ञ हो जायँगे तो फिर हमारी लोकमें प्रतिष्ठा किस प्रकार होगी और धन कहांसे

मिलेगा ? बिना प्रतिष्ठाके धर्म पालना भी दुस्तर होगा। कारण कि मान्यताहीनके धर्मका कौन आदर करेगा ? गत सहस्र वर्षोंमें जो बाधायें जैनियोंके सन्मुख आई वह इसी कारणसे तो उत्पन्न हुई थीं कि लोग उन्हें व उनके धर्मको घृणाकी दृष्टिसे देखने लगे थे यहां तक कि जैनी नास्तिक मान लिये गये। हिन्दुओंमें तो यहां तक घृणाकी सीमा बढ़ गई कि उनमें यह कहावत प्रसिद्ध हो गई कि "यदि मतवाला हाथी भी किसीको मारता हो तो जैन मंदिरका आश्रय ग्रहण करनेके स्थानपर मर जाना अच्छा है।" यह किस समयका वृत्तांत है ? क्या उस समयका जब कि अंगरेजी पढ़े लोगोंने धर्मविरुद्ध तर्कणा करके अपने क्षुद्र विचारोंको संसारमें फैला दिया था ? नहीं ! वरन् उस समयका है जब कि अंगरेजी भाषाका आविष्कार भारतवर्षकी भूमिपर नहीं हुआ था। वस्तुतः यह सिद्ध है कि गत समयमें जो घृणा जैन धर्मके लिये लोगोंके हृदयोंमें उत्पन्न हो गई थी वह उन्हीं महानुभावोंकी विद्या या कृतियोंका परिणाम हो सकती है जो संस्कृत अथवा धर्मके रक्षकके स्वरूपमें उपस्थित होते हैं।

गत एक सहस्र वर्षोंकी कारगुज़ारी पर यदि ध्यान दिया जाय जब कि अंग्रेज व अंग्रेजी भाषा भारतवर्षसे ७००० मीलकी दूरी पर थे तो नेत्रोंमें आंसू भर [illegible] हैं। कितना धर्म विज्ञानका नाश उस सम[illegible]में हुआ। गंधहस्ती महाभाष्य जैसे महान पूज्य ग्रंथोंका लोप होगया। सैकड़ों शास्त्र दीमकोंने चाट लिये, सहस्रों चूहोंने कतर डाले। जो ग्रंथ बच भी गये वह इसी प्रकार कि उनकी पूजा तो सम्भव हुई परन्तु उनके अस्तित्वसे और कोई विशेष लाभ लोग नहीं उठा सके। जिन महाशयोंने नवीन ग्रन्थ लिखे वह भी एक या दो ही विषयों पर लिखें। जिन वाणी और शास्त्र ज्ञानकी महिमाका संकोच ही केवल गत १००० या १५०० वर्षोंमें नहीं हुआ परन्तु इसके पढ़ाने व समझानेका ढंग पूर्वकालमें कुछ ऐसा अनोखा था कि अन्य धर्मियोंके हृदयों पर धर्मकी श्रेष्ठताकी छाप पड़नेके स्थान पर यही बात अंकित होगई कि जैनधर्म निकृष्ट है। वाह, किस उत्तमताके साथ सर्वश्रेष्ठ सर्वोत्तम धर्मका प्रचार किया गया था। किस खूबीसे धर्मकी रक्षा की गई थी। बजाय इसके कि धर्मका प्रभाव बढ़े वह प्रभावहीन हो गया। जैनी नास्तिक बुतपरस्त जगतमें प्रसिद्ध हुये। तर्क वितर्कमें भी स्याद्वादका डंका कहीं कहीं तो अवश्य बजा, परन्तु अधिकांश लोगोंने उसको भी पाखण्ड व झूठ ही समझा। क्या यह जैन बुद्धिमानोंके समझानेकी त्रुटि नहीं थी ?

सांसारिक ज्ञान तथा कलाकौशलकी ओर ध्यान देते हुये खेद उत्पन्न होता है। जब कि पश्चिमी जातियां निद्राको त्याग किया तथा कलाकौशल अर्थात् हुनरोंमें उन्नति कर रही थीं हम लोग बराबर गहिरी निद्रामें अचेत होते जाते थे। आविष्कार और खोज तो चीज ही और है। हमने तो जो कुछ विद्या और ज्ञान पूर्वजोंको ज्ञात थे उन्हें भी नष्ट कर दिया। मैं यहां एक ही दृष्टांत पर संतोष करूंगा। जैन पुराणोंके अवलोकनसे ज्ञात होता है कि

महाभारतके समयमें धनुष विद्या एक वैज्ञानिक विभाग था। इसको शिष्य वर्षों गुरुओंसे सीखा करते थे। एकएक बाणमें वह शक्ति थी कि उसके द्वारा शत्रुओंकी समस्त सेनाको बांध सक्ते थे और इसी प्रकार उनको बँधी दशासे मुक्त भी कर सकते थे। क्या यह लोग जो वर्षों गुरुओंसे धनुषविद्या सीखा करते थे केवल निशाना लगाना ही सीखते थे? नहीं, नहीं! निशाना लगाना कोई ऐसी कठिन बात नहीं है जिसके सीखनेके लिये किसी गुरुकी आवश्यकता पड़े या जो वर्षोंमें भी न आवे। हालके यौरुपीय महा संग्रामके शस्त्रोंपर ध्यान देनेसे विदित होता है कि बाणविद्यामें Chemistry को भी बहुत कुछ दखल था। बाण इस प्रकारका बनाया जाता था कि जिसमेंसे मालूम होता है कि एक प्रकारका माद्दा निकलकर या फूटकर फैल जाता था और जिस मनुष्यसे उसका स्पर्श होता था उसके जोड़ जोड़ शिथिल हो जाते थे। इसी कारणसे उसका पारिभाषिक नाम 'नागपाश' रक्खा गया था। यह बाण 'गरुड़' बाण द्वारा शांत किया जाता था। 'गरुड़' बाणमें मालूम होता है कि ऐसा कीमियाई मसाला भरा जाता था जिसके प्रभावसे नागपाश द्वारा उत्पन्न हुई शिथिलता तुरंत नष्ट हो जाती थी। इसी तरह पर बहुत प्रकारके बाण बनाये जाते थे। यह बाणविद्या तो अब सर्वथा नष्ट हो गई है और इस हद तक इसका लोप हो गया है कि अब 'नागपाश' और 'गरुड़' बाणके अर्थ शब्दार्थमें लगाये जाते हैं। कोई कोई तो यहां तक समझते हैं कि बाणमेंसे किसी प्रकारसे सर्प निकल निकलकर मनुष्योंको लिपट जाते थे और फिर गरुड़ पक्षी आनकर उन सर्पोंको निगल जाते थे। इसी भांति और विद्यायें और कलायें भी नष्ट हो गई हैं।

नियम यह है कि धर्मके लिये पूर्णतया धर्मका पालना और उसकी रक्षा उसी समय सम्भव है जब कि वह अपनी चतुरतासे अन्य पुरुषोंके हृदयोंपर अपने धर्मका प्रभाव डाल सके ताकि उनके हृदयोंमें भी उसके धर्मकी श्रेष्ठता अंकित हो जाय। मनुष्यके हृदयमें दूसरे धर्मके लिये आदर उसी समय उत्पन्न होता है जब कि उसके नियम उसके समक्ष इस प्रकार दर्शाये जायं जिनको उसकी बुद्धि तुरन्त ग्रहण करले और जिन पर वह चारित्र-सोपानकी प्रारम्भिक पैड़ियोंमें सहजमें ही पदार्पण कर सके। उपदेश भी उसी समय लाभदायक और ग्राह्य होता है जब उस पर अमल करना सहज ही में सम्भव हो।

उदाहरणके तौर पर, वर्तमानकालमें विलायती अशुद्ध खांडका कुछ ऐसा प्रचार हो गया है कि करीब२ प्रति स्थानमें उसीका प्रयोग होता है। जैन और अजैन कदाचित् ही कोई उससे बचा होगा। अव्वल अव्वल इसका अत्यन्त विरोध हुआ था मगर सस्ती और सफेद होनेके कारण इसका रिवाज चल पड़ा। वास्तवमें यह अत्यंत अनिष्ट पदार्थ है परन्तु क्या इसके विरुद्ध केवल उपदेशका कोई फल होता है? नहीं! क्योंकि मिठाई खाये विना सर्व साधारणका काम नहीं चलता और शुद्ध मिठाई मिलती नहीं। घीकी

अशुद्धताकी भी यही दशा है। इनका प्रयोग पूर्णतया बन्द करानेका एक ही उपाय है और वह यह है कि पहिले शुद्ध मिठाई व घीकी दुकानें खुलवा दी जायं जहां वह सस्ती बिकें तत्पश्चात् उपदेश दिया जाय वरना उपदेश बहुधा निष्फल होगा। परंतु उपदेश देना तो सहल है मगर मिठाईकी दूकान खोलना कठिन है। फिर वह भी बिना नफेके कौन खोले और खुलावे। हमको चाहिये कि प्रत्येक स्थानों पर एक या अधिक दुकानें घी और मिठाईकी समाजके चन्देसे खुलवा दें।

चमड़ेके प्रयोगकी भी यही दशा है। बहुधा महानुभावोंको टोपियों पर सख्त एतराज होता है क्योंकि उनमें भीतर चमड़ा लगा होता है। मैं उनका यहां पर वर्णन नहीं करता हूं जो टोपीके नाम पर ही चिढ़ जाते हैं। उनसे वार्तालाप करना निरर्थक है मगर जो महोदय चमड़ेके कारण टोपीके विरोधी हैं वे यदि टोपीको छोड़कर केवल चमड़ेका ही विरोध करें तो अनुमानतः ये अपने उपदेशमें शीघ्र और अधिक सफलता प्राप्त करते हुये पायेंगे। कारण कि टोपोमें कोई व्यक्ति धर्मविरुद्धताके चिन्ह कभी नहीं दिखा सकेगा वरन् चमड़ेका सर पर पहुँचना अनिष्ट है ही। इस अनिष्टताके दूर करनेमें लोगोंको थोड़ा कष्ट उठाना अस्वीकृत न होगा बल्कि मनुष्य धर्मके नाम पर हर्ष सहित स्वीकार कर लेंगे। सबसे सहल उपाय यह है कि कारखानेवालोंसे ऐसी टोपियाँ बनवाई जावें जिनमें चमड़ेकी पट्टी न हो। सुना गया है कि जापानमें एक प्रकारका बनावटी चमड़ा किसी वृक्षकी छालसे बनाया गया है जो वास्तविक चमड़ेका पूरा काम देता है। यदि हमारे देशमें भी कलाकौशलमें उन्नति करना धर्मके रक्षकोंने बुरा न समझा होता तो शायद इस प्रकारकी कोई चीज अवश्य प्राप्त हो जाती जो वृक्षोंके बक्कल आदिसे बनाई जा सकती। फिर देखते कि अहिंसा परमो धर्मःका प्रचार कैसी उत्तमताके साथ होता। केवल उपदेश अधिकांशमें निरर्थक है। और इस प्रकारके हटसे भी कभी प्रभावना नहीं बढ़ेगी जैसे कभी कभी समाचारपत्रोंमें लेख निकलते हैं कि दूधमें भी हिंसा होती है। क्या इसका प्रयोग जैनीके लिये उचित है? रेशमने भी उपदेशकोंके दांत खट्टेकर दिये हैं। धर्म उपदेशककी अपेक्षा इस कार्यमें पुलिटिकल उपदेशकको अधिक सफलता प्राप्त हुई है। बात यह है कि रेशमका प्रयोग एक प्रकारका प्रचलित फैशन है जिसका सर्वथा बन्द होना असम्भव है। इसलिये हिंसामयीके स्थानपर यदि दूसरे प्रकारका रेशम जिसमें कीड़े तीतरी बनकर पहिले निकल जाते हैं प्रचलित किया जाता और उसके प्रयोगपर जोर दिया जाता और उसीके बेचनेकी दूकानदारोंसे मुख्य रूपमें प्रेरणा की जाती तो अधिक उपयोगी होता। यदि कोई व्यक्ति इसको सर्वथा छोड़ना चाहे तो फिर कहना ही क्या है। वह पूरे धन्यवादका पात्र होगा। इस प्रकार हम देखते हैं कि बहुतसे हिंसामय कार्य हमको सांसारिक विद्या तथा कलाकौशलकी अनभिज्ञताके कारण करने पड़ते हैं। पिछले सहस्र वर्षमें हमको मानना

पड़ेगा कि हमने इस विद्या-विभागमें उल्टी उन्नति अर्थात् अवनति ही की है।

इस सहस्र वर्षमें जैनियोंकी संख्या कितनी कम हो गई है इसका तो पता लगाना ही कठिन है, परन्तु इतना मालूम होता है कि एक समयमें जैन धर्म समस्त भारत देशमें फैला हुआ था। अब बहुतसे स्थान ऐसे हैं जहां न जैन हैं न जैन-मंदिर या जहां केवल जैन-मंदिर ही रह गये हैं जैनी नहीं हैं। अब भी किन्हीं स्थानोंपर ऐसे जैनी पाये जाते हैं जो अपने और अपने धर्मको करीब करीब बिल्कुल भूल गये हैं। यह इस कारणसे नहीं कि अंगरेजी शिक्षाने उनको धर्मविरुद्ध कर दिया है। यह लोग क्यों अपने और अपने धर्मसे अनभिज्ञ हैं? इसके कई कारण हैं। अव्वल तो गृहस्थाचार्योंका ही अभाव हो गया है यहां तक कि संस्कृतके बड़े बड़े विद्वानोंमेंसे भी कोई अब इस पदको नहीं पहुंचता है। दूसरे धर्मपुस्तकें भी २० वर्ष पूर्व प्रकाशित नहीं होती थीं। हाथके लिखे हुये शास्त्र अधिकांश संस्कृत और प्राकृतमें ही होते थे जिनको पढ़ना और समझना प्रत्येक व्यक्तिके लिये असम्भव था। इस लिये कौन आश्चर्यकी बात है कि ऐसी दशामें लोग अपने धर्मसे अनभिज्ञ हो जावें।

जैन ला (कानून)की पाबन्दी भी गत समयमें धीरे धीरे कम होती गई। यहांतक नौबत पहुंची कि कोई जैन कानूनकी पुस्तक पूर्णरूपमें अब नहीं मिलती हैं और जो अपूर्ण पुस्तकें मिलती हैं उनमें किन्हीं किन्हीं मौकों पर एक दूसरेमें मतभेद पाया जाता है। अब हिन्दू ला की पाबन्दी जैनियोंको करनी पड़ती है और अंग्रेजीदाँ वकीलों, बैरिस्टरोंके अतिरिक्त अन्य जैनमें एक भी पुरुष ऐसा नहीं है जो समाजके मुकद्दमोंको कचहरियोंमें उचित रीतिसे स्वयं संभाल सकें।

तीर्थोंके प्रबन्धमें भी गत समयमें ऐसी कारगुजारी की गई कि दिगम्बर जैनियोंका प्रबन्ध सब जगह झगड़ेमें पड़ गया और कहीं कहीं हाथसे भी निकल गया। आजकल भी हमारे लाखों रु० मुकद्दमातमें व्यर्थव्यय हो रहे हैं ताकि हम अपनी लापरवाहीके परिणामोंसे बचें।

अतः जब हम गत सहस्र वर्षकी कारगुजरी पर जो अंगरेजी शिक्षणसे पहिलेकी है, दृष्टि डालते हैं तो प्रतीत होता है कि प्रत्येक स्थानमें अवनति और खराबी ही खराबी भर गई थी। न शास्त्रोंकी उचित रक्षा हुई न तीर्थोंकी न धर्मका प्रभाव बढ़ा न धर्मात्माओंकी जनसंख्या ही स्थिर रही। सच तो यह है कि अंगरेजी शिक्षणके पूर्व समाज विधवा बनानेका कार्यालय बना हुआ था जिसमेंसे सेकड़ों दुधमुहे बच्चे सदैवके रोने बिलकनेके लिये विधवापनके सांचेमें पड़कर बालविधवाके तौरपर सुसज्जित होते थे। क्या यही धर्मानुकूलता है जिस पर किसीको अभिमान हो सकता है?

अंगरेजी शिक्षणने अभी २० वर्षके अन्दर ही अन्दर आंख खोली है। और तबसे उसकी दृष्टि इन बुराइयोंके दूर करनेकी ओर लगी हुई है। हर्षका स्थान है कि धर्मप्रभाव जो गत समयमें बहुत गिरी दशामें पाया जाता था अब

भारतवर्षमें ही नहीं वरन् संसारभरमें फैल रहा है। आज जैनधर्मको समझनेके लिये संसारके बड़े बड़े बुद्धिमान प्रस्तुत हुये हैं। जर्मनी, फ्रान्स के विद्वान् उसकी पुस्तकोंका अध्ययन करते हैं। लन्दनमें एक "महावीर ब्रिदरहुड" नामी संस्था कायम है। हिन्दी, गुजराती, मरहठी, अंगरेजी और संस्कृत भाषामें भी बहुतसे ग्रन्थ जैनधर्मके तत्वोंको दर्शानेके लिये मौजूद हैं। इस २० वर्षके भीतर अंगरेजी शिक्षणने छापेके विरोधी हठको धीरे धीरे तोड़कर जैनधर्मका प्रभाव समस्त संसारमें फैला दिया है, इस बीचमें ब्याह-सम्बन्धी कुरीतियोंका सुधार भी बहुत कुछ हुआ है। बाल-विवाहकी कुरीति भी कुछ कम होगई है और आशा है कि थोडे ही समयमें यह अपवित्र प्रणाली इस देशमें प्रचलित न रहेगी। जैन कानूनके सुधारका प्रबन्ध होरहा है। संगठन और प्रबन्धके खयालत भी अब समाजके दिलमें उत्पन्न हो गये हैं। क्या यह अंगरेजी शिक्षणकी कारगुजारी यथेष्ट नहीं है? क्या सहस्रों वर्षोंकी चली आई हुई अवनतिको रोकना और उसमेंसे त्रुटियोंको दूर करना कोई चीज ही नहीं है। और मुख्यतः सख्त विरुद्धताके प्रतिकूल जैसे शास्त्रोंके छापनेके विषयमें?

अतः हम देखते हैं कि अंगरेजी शिक्षाका प्रभाव हानिकारक नहीं वरन गुणकारी है। सत्य यह है कि विद्या हर दशामें लाभदायक ही होती है और विद्याओंमें काव्य और अलङ्कारोंके मुकाबिलेमें सत्य पदार्थ-ज्ञान विशेषकर लाभदायक होता है क्योंकि काव्य और अलङ्कार न तो बुद्धिको तीव्र कर सकते हैं और न उनसे पेट ही भरा जा सकता है और न उनकी संसारमें मांग ही है। परन्तु पदार्थ ज्ञानसे तीनों बातें हासिल होती हैं। यदि कोई मनुष्य धर्मसे भटककर कुमार्गपर पहुंच जाता है तो यह किसी खास शिक्षणका दोष नहीं हो सक्ता है। किसी लाभदायक शिक्षणको सर्वथा बुरा कहकर त्याग देना उचित नहीं है। हां, यदि उसमें कोई त्रुटियां जान पड़ें तो तुमको चाहिये कि उनको दूर करो या जो कमी हो उसको पूरा करो, परन्तु यदि इतनी योग्यता नहीं रखते हो कि उसकी भलाई या बुराईको समझ सको तो जो मनुष्य उससे जानकारी रखता हो उससे उचित कार्य करनेको कहो, परंतु विना समझे बुझे राय प्रकट करके दूसरोंके काममें बाधक मत बनो।

वास्तवमें इस समय इस बातकी आवश्यक्ता है कि इलाहाबाद जैन होस्टल जैसी संस्थाओं (Instituions) की सहायता की जाय और इस प्रकारके छात्रालय अन्य स्थानोंमें भी खोले जावें। एक जैन कोलिज लखनऊ, इलाहाबाद, कानपुर या बनारस जैसे स्थानपर होना आवश्यकीय है। चाहिये तो एक जैन विश्वविद्यालय भी जहां कि संस्कृत व अंगरेजी भाषाओंकी यथेष्ट शिक्षा साथ साथ दी जा सके उसका प्रबन्ध जब हमारे हाथोंमें होगा तो हम वहांके विद्यार्थियोंके जीवन व चारित्रको यथोचित बना सकेंगे। क्या आपने नहीं सुना कि शान्तिनिकेतनके विश्वभारतीमें अन्य देशोंके विद्वान आकर काम करते हैं और विद्योपार्जन करते हैं। यदि हमारा विश्वविद्यालय कहीं होता तो

हमारे यहां भी अन्य देशोंके विद्वान् लोग पधारते और हमारी शोभा बढ़ाते।

इस समय भारतके प्रान्त२में ईसाइयोंके स्कूल और कोलिज खुले हैं जहां वे अपने धर्मकी शिक्षा देते हैं। मुसलमानोंका विश्वविद्यालय अलीगढ़में खुला हुआ है जहां मुसलमानी मत की शिक्षा दी जाती है। काशीमें हिन्दुओंका विश्वविद्यालय है जहां सहस्रों विद्यार्थी धर्मशिक्षा पाते हैं। जैनियोंके विश्वविद्यालय अभावरूप देशमें ही हैं अर्थात् कहीं नहीं हैं। क्या यह अत्यन्त दुःखकी बात नहीं है? मैं आशा करता हूं कि इस अवसरपर आप सज्जनवृन्द इस आवश्यकीय प्रार्थनाकी ओर ध्यान देंगे।

एक और आवश्यकता इस बातकी है कि जिसको मैं अनुभव कररहा हूं और मेरा विचार है कि आप महानुभावोंने भी अनुभव किया होगा कि समस्त शास्त्र प्रचलित भाषा अर्थात् हिन्दीमें लिखवाये जायें ताकि प्रत्येक व्यक्तिको उनके अवलोकन तथा समझनेका अवसर प्राप्त हो। बिना समझे शास्त्रोंका पाठ केवल तोता-रटन्त है जिससे विशेष लाभकी आशा करना बालूमेंसे तेल निकालनेकी आशा करना है। यह कार्य एक संस्था द्वारा होना चाहिये ताकि अनुवाद करते समय सब बातोंकी ओर ध्यान रक्खा जाय कि पहिले किन किन शास्त्रोंका अनुवाद कराया जाय, भाषा जैपुरी मरहठी हो कि न हो, किस बुद्धिमानको कौन कार्य सौंपा जाय इत्यादि इत्यादि। इस उपायसे आगामी समयमें पूज्य जिनवाणी और शास्त्रभण्डारकी रक्षा होगी और साधारण जैनियों तथा जनताको धर्मका स्वरूप भलेप्रकार जाननेका अवसर प्राप्त हो जायगा। इसमें संस्कृत पर कोई आक्षेप नहीं किया जा रहा है। संस्कृत तो दस बीस पण्डित-जन ही समझ सकेंगे मगर हिन्दीसे हजारों लाखों मनुष्योंको लाभ होगा। समय तथा देशकी दशाको देखकर कार्य करनेमें सफलता प्राप्त होती है। संस्कृत तो जैन सिद्धान्तकी प्रारम्भिक भाषा भी नहीं है। अधिकांशमें जैन ग्रंथ प्राकृत भाषा ही में लिखे गये हैं जिससे वर्तमानकालमें बहुत कम आदमी जानकारी रखते हैं। संस्कृत-की रक्षा भी अनुवादोंमें संस्कृत मूलके देने द्वारा भले प्रकार हो जायगी।

अब केवल एक बात कहनेको शेष रही है जो अति आवश्यकीय है। आपने "वीर" के फर-रीके अंकमें पढ़ा होगा कि मैनपुरी जिलेमें शिकोहाबाद जंक्शनसे १० कोसकी दूरी पर महावीर भगवानकी एक विशाल मनोज्ञ प्रतिमा ४॥ फिट ऊँची किसी मठमें विराजमान है और जखैटियाके नामसे इस पर सहस्रों पशुओंका बलिदान चढ़ाया जाता है। यह महाभीषण अत्याचार है जिसको सुनकर प्रत्येक व्यक्ति शोकातुर हो जायगा। निःसन्देह उपस्थित सज्जनगण इस विषय पर भी उचित विचार करेंगे।

इन थोड़ेसे शब्दोंके साथ मैं होस्टेलकी ओरसे आपके शुभागमन पर कृतज्ञता प्रकट करते हुये प्रार्थी हूँ कि आप महानुभावोंके स्वागत तथा सेवामें जो त्रुटियां रह गई हों उनके लिए हमको क्षमा कीजिये और इन बच्चोंकी प्रार्थना तथा आवश्यकताओं पर ध्यान देकर इन्हें कृतज्ञ कीजिये ताकि आगामी कालमें यह विधिपूर्वक आपका हाथ बँटानेमें समर्थ हो सकें।

ॐ शान्तिः! शान्तिः!! शान्तिः!!!

सहवासके नियम।

हमारे अस्तित्वकी रक्षाके लिए प्रकृतिने हमको जननेन्द्रिय और उसको यथाविधि संचालन करके उत्तम सन्तान उत्पन्न करनेकी प्रवृत्ति प्रदान की है। उत्तम सन्तान उत्पन्न करनेके सिवा सहवासका और कोई उद्देश्य नहीं है। केवल इन्द्रिय सुखके लिए सहवास करनेकी प्राकृतिक आज्ञा नहीं है। इन्द्रिय सेवनसे उत्पन्न हुआ सुख अत्यन्त तुच्छ और क्षणस्थायी होता है। इस कारण इस प्रकारके क्षणस्थायी और सामान्य सुखके लिए अनियमित इन्द्रियसेवनके द्वारा शरीरका क्षय करना महान् अन्याय और महत्पुरुषोंकी आज्ञा भङ्ग करना है। सहवासकी इच्छा और तज्जनित सुखका जो अनुभव होता है, वह केवल सन्तान उत्पन्न करनेका सहायक मात्र है। पशु, पक्षी और छोटे छोटे जीव, जन्तु आदि जितने भी संसारमें प्राणी हैं, उनको देखनेसे यही मालूम होता है कि ईश्वरने एकमात्र सन्तानोत्पत्तिके लिए ही कामेन्द्रिय और कामेच्छा प्रदान की है, केवल विषयसुखके लिए नहीं।

हाथी, घोड़ा, बैल, भैंसा, कुत्ता आदि प्राणियोंकी सहवास प्रणालीको देखनेसे स्पष्टरूपसे समझा जासकता है कि स्त्रियोंके जैसे ऋतुधर्म होता है, उसी प्रकार अन्यान्य स्त्रीजातिके प्राणियोंको भी ऋतुधर्म अथवा किसी विशेष प्रकारका परिवर्त्तन होता है और उनके पुरुष जातिके साथ सहवास करनेके लिए विशेष उत्सुकता होती है। इस प्रकार ऋतुकाल अथवा किसी विशेष समयके सिवा उनके और किसी समय भी सहवास करनेकी इच्छा प्रकट नहीं होती। यहां तक कि उक्त विशेषकालके अतिरिक्त और किसी समयमें यदि पुरुष जातिका प्राणी सहवासकी इच्छासे स्त्रीजातिके निकट जाता है तो वह तत्काल उससे लड़नेको तैयार होजाता है। इसीलिए प्रकृतिने सृष्टिकी रक्षाके लिये मनुष्य, पशु पक्षी, कीड़े, मकोड़े आदि समस्त संसारके प्राणियोंके सहवासके सम्बन्धमें समय निर्दिष्ट कर दिया है किन्तु मनुष्य जो सबसे उच्च श्रेणीका प्राणी है उसने इस अत्यन्त तुच्छ और शरीरनाशक क्षणिक सुखमें मुग्ध होकर अपने आपको पशुसे भी नीच बना लिया है और फिर भी कुछ लज्जा और घृणा नहीं करता, यह कितने आश्चर्य्य और सन्तापका विषय है। जो क्षुद्र जीवजन्तु पलभरमें जलकी तरंगकी समान जीवनयात्राको समाप्त करके अनन्तकालके गर्भमें लीन होजाते हैं वे भी सदैव नियमानुकूल चलते हैं; किन्तु १०० वर्षकी आयु प्राप्त करनेवाला तथा अत्युन्नत मस्तिष्कवाला मनुष्य यदि निर्बुद्धि होकर क्षणिक और अतितुच्छ सुखकी खोजमें सदैव लगा रहे तो उसका मनुष्य जन्म इतर प्राणियोंके जन्मसे भी अधम समझना चाहिए। जो इन्द्रिय स्वर्गीय महान् उद्देश्य (उत्तम सन्तानकी उत्पत्ति) की सिद्धिके लिए व्यवहृत होनी चाहिए, उसका दुर्व्यवहार करना कितना निन्द्यकर्म है। इस विषयपर विचार करनेसे मालूम होता है कि हमने महापापी

बनकर अपने दोषोंसे ही उसकी इस स्वर्गतुल्य भूमिको नरकके समान बना दिया है।

अनियमित रूपसे इन्द्रिय-सेवनके द्वारा उत्पन्न हुआ महापाप आजकल विकट रूप धारण करके समस्त जगत्को ग्रसनेका प्रयत्न कररहा है। इस महापापकी अधिकतासे ही आजकल मनुष्य समाज जीर्ण-शीर्ण, रोगी और असमयमें ही वृद्धावस्थाको प्राप्त होकर मृत्युके मुखमें पतित होता जारहा है। हिन्दूजातिके वर्तमान अधःपतनका एकमात्र प्रधान कारण अमित और अवैध इन्द्रिय सेवन करना ही है।

यदि कोई मनुष्य अपनी सन्तानको वास्तविक सुखी, दीर्घजीवी, आरोग्य, बुद्धिमान् और धर्मवान् देखना चाहे तो उसको गर्भाधान संस्कारसे पूर्व पवित्र मन और पवित्र भावसे उपयुक्त समय (अर्थात् ऋतुस्रावके चार दिन बाद) में सहवास करना चाहिए। यदि पुत्रको पवित्र, उन्नत भावापन्न बनाना हो तो सबसे पहले अपने आपको उन्नत बनालेना चाहिए, पश्चात् पुत्रोत्पादन करना चाहिए। आर्य्य महर्षियोंका एक मात्र आदेश है कि-शास्त्रोक्त विधिके अनुसार प्रथम ब्रह्मचर्य व्रतका पालन करना चाहिए और फिर सन्तान उत्पन्न करनी चाहिए। विद्या, तपस्या, इन्द्रिय संयम आदिके द्वारा रेतः संयम करके प्रथम अपनेमें मनुष्यता प्राप्त करनी चाहिए फिर दूसरेको मनुष्यत्व प्रदान करनेका यत्न करना चाहिए। वीर्य्यरक्षा ब्रह्मचर्य्य व्रतका एक प्रधान अंग है। इस वीर्य्यरक्षाको ही आर्य्य महर्षियोंने जीवनका सबसे प्रधान कार्य्य बतलाया है। वर्तमान कालमें हमारा पुनरुत्थान और हिन्दूजातिकी रक्षा उन आर्य्य महर्षियोंके मार्गका अवलम्बन करनेसे ही होसकती है, अन्यथा किसी प्रकार भी नहीं होसकती। आजकलके मनुष्य किस प्रकार उत्तम वृक्ष उत्पन्न होगा, किस तरहसे घोड़ा अच्छा होगा और किस प्रकारसे कुत्ता अच्छा होगा इत्यादि बाह्य पदार्थोंकी उन्नतिका विचार किया करते हैं; किंतु प्राचीन कालके महात्मा पुरुष पहले इस बातका विचार करते थे कि किस प्रकारसे उत्तम संतान उत्पन्न होगी? और वे केवल विचार करके ही नहीं रहजाते थे; बल्कि वे सहवास संबंधी सैकड़ों, हजारों प्रकारके कठिन नियमोंका भी पालन करते थे।

सहवासके सम्बन्धमें आर्य्य महर्षिगण जिन२ नियमोंकी व्यवस्था करगये हैं और आजकलके बड़े बड़े पाश्चात्य विज्ञानवेत्ता पण्डितोंने उन व्यवस्थाओंके विषयमें जिन वैज्ञानिक तत्वोंका आविष्कार किया है, हम उन्हींको यहां संक्षिप्त रूपसे वर्णन करते हैं, आशा है कि पाठक महोदय इन समस्त तत्वोंको विशेष ध्यान देकर पढ़ेंगे।

चरकसंहिताके शारीरस्थानके जातिसूत्रीय अध्यायमें महर्षि आत्रेय कहते हैं:—

"स्त्री पुरुषयोरव्यापन्नशुक्रशोणितयोनिगर्भाशययोः श्रेयसीं प्रजामिच्छतोस्तान्निर्वृत्तिकरं कर्म्मोपदेक्ष्यामः।"

अर्थात् जब स्त्री और पुरुषका शुक्र, शोणित (डिम्ब), योनि और गर्भाशय किसी प्रकारके दोषसे दूषित न हों तब उत्तम सन्तान प्राप्त करनेकी इच्छा करनेवाले उन स्त्री पुरुषोंको

जो कर्म करना चाहिए, उसी विषयके कुछ सदुपदेशोंका नीचे वर्णन करते हैं–

"अथाप्येतौ स्त्रीपुरुषौ स्नेहस्वेदाभ्यामुपपाद्य वमनविरेचनाभ्यां संशोध्य क्रमात्प्रकृतिमापादयेत्संशुद्धौ चास्थापनानुवासनाभ्यामुपाचरेदिति।"

अर्थात् प्रथम उन दोनों स्त्रीपुरुषोंके शरीरको स्नेहन और स्वेदनसे मृदु बनाकर फिर क्रमसे वमन और विरेचनके द्वारा संशोधन करके उनको उत्तम प्रकृतिवाला बनावे। इस प्रकार दोषादिकोंसे शरीरके शुद्ध होजानेपर दोनोंको मधुर द्रव्यों और घृत, दुग्धादिकोंके द्वारा आस्थापन और अनुवासन वस्ति देवे।

"ततः पुष्पात् प्रभृति त्रिरात्रमासीत ब्रह्मचारिण्यधःशायिनी पाणिभ्यामन्नमर्ज्जरपात्रे भुंजाना न च काञ्चिदेव मृजामापद्येत।"

अर्थात् इसके पश्चात् जिस दिन जिस समय स्त्री ऋतुमती हो उस दिनसे लेकर तीन रात्रि पर्य्यन्त ब्रह्मचारिणी अर्थात् पतिके सहवाससे रहित रहे, हाथका तकिया लगाकर भूमिमें शयन करे और पुराने पीतल, लोहादि धातुके या मिट्टीके पात्रमें हाथोंसे अन्नको लेकर भोजन करे। किसीको स्पर्श न करे। और इस समयमें स्नान, शरीरमार्जन आदि किसी प्रकारका भी शुद्धाचार अथवा किसीका अहित नहीं करें।

प्राचीनकालके समस्त ऋषि, मुनियोंने एक स्वरसे ऋतुस्रावके समय (अर्थात् ऋतुकालके तीन दिन तक) सहवास करनेका विशेष रूपसे निषेध किया है।

महर्षि आत्रेय कहते हैं–

"ततश्चतुर्थेऽहन्येनामुत्साद्य सशिरस्कां स्नापयित्वा शुक्लानि वासांस्याच्छादयेत्पुरुषञ्च।"

अर्थात् इसके पश्चात् चौथे दिन शरीरमें उबटन और तेलादिकी मालिश करके स्त्रीको शिरसे स्नान कराकर शुक्ल वस्त्र पहिरावे। इसी प्रकार पुरुषको भी स्नान कराकर शुक्ल वस्त्र धारण करावे।

"ततः शुक्लवाससौ च स्रग्विणौ सुमनसावन्योन्यमभिकामौ संवसेतामिति ब्रूयात्।"

अर्थात् इसके अनंतर वैद्य उन श्वेत और शुद्ध वस्त्र धारण किये हुए, सुगंधित पुष्पमालादिसे सुशोभित, शुद्ध मनवाले और परस्पर उत्तम सन्तानकी कामनासे सहवास करनेकी इच्छावाले दोनों स्त्रीपुरुषोंको सहवास करनेका आदेश देवे।

"स्नानात् प्रभृति युग्मेष्वहःसु संवसेतां पुत्रकामौ तौ चायुग्मेषु दुहितृकामौ।"

अर्थात् पुत्र उत्पन्न होनेकी इच्छा हो तो वे दोनों स्नान करनेके दिनसे अर्थात् चौथे दिनसे युग्म दिनोंमें (ऋतुकालकी १६ रात्रियोंमेंसे ४–६–८–१०–१२–१४ और १६वीं रात्रिमें) और कन्या उत्पन्न होनेकी इच्छा हो तो वे अयुग्म दिनोंमें (अर्थात् ५–७–९–११–१३ और १५ वीं रात्रिमें) सहवास करें।

"न च न्युब्जां पार्श्वगतां वा संसेवेत।"

अर्थात् उल्टी या दाहिने, बाँयें करवटसे शयन करती हुई स्त्रीसे सहवास नहीं करना चाहिए। स्त्रीको चित्त लेटकर वीर्य ग्रहण करना चाहिए।

"पर्याप्ते चैनां शीतोदकेन परिषिञ्चेत्।"

अर्थात् गर्भ ग्रहण करनेके एक प्रहर पश्चात् स्त्रीको शीतल जलसे अपने नेत्र, मुख और योनि आदि अङ्ग धोने चाहिए।

"अत्रात्यशिता क्षुधिता पिपासिता भीता विमनाः शोकार्त्ता क्रुद्धा चान्यश्च पुमांसमिच्छन्ती मैथुने चातीकामा वा नारी गर्भं न धत्ते, विगुणां वा प्रजां जनयति।"

अर्थात् जिस स्त्रीने अत्यन्त भोजन किया हो या जो भूखी, प्यासी, भयभीत, मैथुनकी इच्छा न करनेवाली अथवा दूषित मनवाली, शोकान्वित क्रुद्ध, अन्य पुरुषकी इच्छा करनेवाली अथवा अत्यन्त कामातुरा हो, वह स्त्री गर्भको धारण नहीं करती। यदि कदाचित् ऐसी स्त्रीके गर्भ स्थित हो भी जाय तो कुरूप और विगुण सन्तान उत्पन्न होती है।

"अतिबालामतिवृद्धां दीर्घलोमिनीमन्येन वा विकारेणोपसष्टं वर्जयेत्।"

अर्थात् अत्यंत छोटी अवस्थाकी, अत्यंत वृद्धा और बड़े बड़े बालों वाली और अन्य किसी भयङ्कर रोगसे ग्रसित स्त्रीसे सहवास नहीं करना चाहिए।

"पुरुषेऽप्येत एव दोषाः। अतः सर्वदोषवर्जितौ स्त्रीपुरुषौ संसृज्येयाताम्।"

अर्थात् पुरुषके भी यदि ये समस्त दोष हों तो उसको भी स्त्री संसर्ग नहीं करना चाहिये। इसलिए सर्व प्रकारके दोषोंसे रहित स्त्री-पुरुषोंको सहवास करना चाहिए।

"सञ्जातहर्षौ मैथुने।"

अर्थात् स्त्री और पुरुष दोनों ही परस्पर हर्षसहित मैथुनकी अभिलाषा करनेपर हितकर पदार्थोंका भोजन करके दोनों ही सुंदर सुगंधिसे सुशोभित होकर उत्तम बिछौने वाली शय्यापर शयन करें। उसपर प्रथम पुरुषको दाहिने पांवसे और फिर स्त्रीको वाम पांवसे चढ़ना चाहिए। इसके पश्चात् उस शय्यापर बैठकर दोनों "ॐ अहिरसि आयुरसि" इत्यादि मंत्रको पढ़कर सहवास करें।

"सा चेदेवमाशासीत।"

अर्थात् स्त्री यदि इस प्रकारकी इच्छा करे कि मेरे उन्नतिशील, श्वेतवर्णवाला, सिंहके समान पराक्रमी, सदाचारी, तेजस्वी, पवित्र और सतोगुणी पुत्र उत्पन्न हो तो उसको ऋतुस्नानके पश्चात् शुद्ध होकर जौ के सतुओंका मन्थ बनाकर उसको घृत और एक वर्णके बछड़े वाली गायके दूधमें मिलाकर चांदीके अथवा कांसीके पात्रमें करके प्रतिदिन प्रातःकाल सात दिन तक पान करना चाहिए और शालिचावलोंका भात या यवान्न अथवा दही, दूध और घृत इनको एकत्र मिलाकर सेवन करना चाहिए।

"तथा सायमवदातशरणशयनासनयानवसन भूषणवेषा च स्यात्।"

अर्थात् इसके अनन्तर स्त्री सायङ्कालमें पवित्र और सुसज्जित गृहमें उत्तम शय्यापर शयन करे, शुद्ध आसन आदिपर बैठे, पवित्र वस्त्र और उत्तम आभूषणोंसे अलंकृत होकर वेशविन्यास करे।

"सायं प्रातश्च शाश्वत् श्वेतं महान्तमृषभमाजानेयं हरिचन्दनाङ्कितं पश्येत्।"

अर्थात् वह स्त्री सायङ्काल और प्रातःकालमें नित्य श्वेतवर्णवाले और बड़े भारी शरीरवाले

बैलको तथा पीले चन्दनसे चर्चित सफेद घोड़ेके दर्शन करे । उस स्त्री को मनको सान्त्वना देनेवाले वचनोंके द्वारा सन्तुष्ट करना चाहिए। पुरुषको भी ऐसा ही आचरण करना चाहिए। एवं जिन पुरुष और स्त्रियोंकी सौम्य प्रकृति, सौम्य शरीर और सुन्दर उपचार और सदुद्योग हों उनके एवं इंद्रियोंको तृप्त करनेवाले अन्यान्य उत्तम पदार्थोंके उसको दर्शन कराने चाहिए। उस स्त्रीकी सखी सहेलियोंको चाहिए कि वे उसको प्रिय और हितकर पदार्थोंके द्वारा सदैव प्रसन्न रक्खें ।

" इत्यनेन विधिना सप्तरात्रं स्थित्वेति ।"

अर्थात् इस प्रकार सात रात्रि व्यतीत हो जानेपर आठवें दिन स्त्री प्रातःकाल पतिके साथ शिरसे स्नान करके नवीन और पवित्र वस्त्रोंको धारण करे एवं सुंदर पुष्पमाला और अलंकारोंके द्वारा शरीरको सुशोभित करे ।

इन सब क्रियाओंके पश्चात् महर्षियोंने स्त्री पुरुषको विविध प्रकारके धर्मानुष्ठान अर्थात् जप, तप, हवन, यज्ञादि करनेका उपदेश दिया है । इसी प्रकार अन्य आर्य महर्षि भी स्त्री पुरुषको सहवास करनेसे पहले ईश्वराराधना और परमात्मचिंतन करनेका आदेश देगये हैं। सहवासके पूर्व यदि शारीरिक और मानसिक अवस्था उत्तम हो और उस समय परमात्म-चिंतवन किया जाय तो सम्पूर्ण विषयोंमें उत्कृष्ठ और धार्मिक संतान उत्पन्न होगी, इसमें कुछ भी संदेह नहीं ।　　　　" वैद्य " से उद्धृत ।

सच्चा सुख ।

हाय ! हम अनादि कालसे भूले हुए संसारकी चतुर्गतियोंमें भ्रमण करते हुए भटक रहे हैं, और अनेकानेक कष्टोंका साम्हनाकर, अपनी आत्मशक्तिको खो बैठे हैं। हम जो चाहते हैं वह हमें प्राप्त नहीं होता । हमारी तीव्र इच्छा है कि हम सुखी बने, और दुःखसे सदैव बचते रहें ।

संसारका कोई भी क्षेत्र ऐसा न होगा, जहांपर हमने जन्म लेकर सुखकी इच्छा न की हो, किंतु हम जहां गये वहां ही सुखसे वंचित रहे । क्या नरक गति, क्या पशु गति, और क्या देवगति, कहीं भी हमको सच्चा सुख प्राप्त नहीं हुआ । अब किसी पूर्वोपार्जित पुण्यके द्वारा हमें मनुष्य गतिकी प्राप्त हुई है, किंतु उसमें भी सुखके चिह्न दीख नहीं पड़ते । यह क्या है ? यह सब मिथ्या कल्पना है । इसका कारण यह है कि यदि निश्चित रूपसे देखा जाय तो हमारे भीतर ही हमारा सच्चा सुख गर्भित है, परन्तु हम रागद्वेष मोहादिके जालमें फंस, उसे भूलरहे हैं । यदि हम रागद्वेषादिके फंदेको तोड़ अपने आपमें निमग्न हो जावें, तो अवश्य ही हम अपने सच्चे सुखके भोक्ता बन जाव ।

इस समय हमारी दशा वैसी ही है, जैसी कि एक मदिरा पीनेवाले मनुष्यकी । मदिराका पीनेवाला मदिराको पीकर उसके नशेमें मस्त हो जाता है, तब उसे अपने आपेकी कुछ सुध

नहीं रहती। उसे इतना भी ज्ञान नहीं रहता कि मैं कौन हूं, और कहांपर हूं, तथा इस समय मेरी दशा क्या है। और तो क्या वह अपनी मां, बहिन, स्त्री आदिके पहिचाननेमें भी असमर्थ होजाता है, इससे वह उस समय अपनी मांको स्त्री, और स्त्रीको मां कहकर पुकारता है, किंतु जब उसका नशा उतरता है, तब वह अपनी मांको मां और स्त्रीको स्त्री समझता है। बस, वैसी ही हमारी दशा है।

हमने अनादिकालसे मोह मदिराको पी लिया है, जिसका नशा हमको अभीतक घुमाये हुए है। इसी कारण हम अपने स्वरूपको भूलकर दूसरोंके रूपमें लुभा रहे हैं। जो पदार्थ अपने नहीं हैं उनसे ममत्व बुद्धि रखना हमारी मूर्खताका परिचय है।

यह प्रत्यक्ष देखनेमें आता है कि जब कोई आत्मा अपने वर्तमान शरीरसे मुक्त हो नवीन शरीरमें प्रवेश करता है तब उसका सब ठाटबाट यहीं पड़ा रहजाता है। उसके साथ और कुछ जावेगा ही कहांसे, जब कि उसका पौद्गिलक शरीर भी उसके साथ नहीं जाता जिसको उसने बड़े लाड़ प्यारसे पोषण किया था तथा जिस धनको उसने बड़े परिश्रमसे कमाया था, वह भी जहांका तहां पड़ा रहता है, और उसने जिस कुटुम्बके हेतु अनेक पापोंसे धन संचय किया था वह भी उसके साथ नहीं जाता। कहनेका तात्पर्य यह कि मरते समय आत्माका कोई भी साथी नहीं होता, और न कोई उसे मरनेसे बचा सकता है।

यही कविवर भूधरदासजीने कहा है—

दलबल देवी देवता, मातपिता परिवार।
मरती विरियां जीवको, कोई न राखनहार॥

परन्तु यह मोही आत्मा अपने आपको भूलकर उन्हीं नाशवान पदार्थोंको अपना मानता है यह उसकी बड़ी भूल है।

अब हमको विचार करना चाहिये कि जब आत्माके साथ धन, कुटुम्ब आदि कुछ भी नहीं जाता, तो फिर उसके साथ जाता क्या है? इसके सम्बंधमें इतना ही कह देना उचित होगा, कि आत्माका किया हुआ पुण्य वा पाप ही उसके साथ जाता है, इसके सिवा आत्माके साथ और कुछ भी जानेका नहीं यह जैनसिद्धांतका कथन है।

अब यह निश्चय हो चुका कि केवल पुण्य और पाप ही हमारे आत्माके साथ जा सकते हैं इस आधारपर यह कहा जा सकता है कि केवल पुन्य-कार्य ही किये जावें और पाप कार्योंका त्याग किया जाय जिससे हमें इस लोक तथा परलोकमें सुख प्राप्त हो किंतु हमारे आचार्योंने इस सम्बन्धमें ऐसा कहा है कि पुण्य और पाप दोनों ही कर्मबंधके कारण है और कर्म बन्ध ही संसार परिभ्रमणका मुख्य कारण है।

सो ही पं० दौलतरामजीने कहा है—

पुण्य पाप फल मांहि हरख विलखो मत भाई।
यह पुद्गल पर्याय उपज विनसे फिर थाई॥

प्यारे आत्मन्! तू कर्मबंधसे तभी छूट सकता है, और तभी ही मोक्षके अनंत सुखको पा सकता है, जब तू अपने आपमें निर्बंध भावोंको स्थान देवे, क्योंकि निर्बंध भाव ही तुझे मोक्ष प्राप्तिमें सहायक होंगे। जिन भावोंमें

पुण्य पापका अंश नहीं, जिन भावोंमें रागद्वेष नहीं, तथा जिन भावोंमें परपदार्थोंके प्रति मोह नहीं, ऐसे भाव ही निर्बंध भाव हैं, जैसा कि पं० दौलतरामजीने छहढालेमें कहा है—

जहां ध्यान ध्याता ध्येयका न,
　　विकल्प वच भेद न जहां।
चिद्भाव कर्म चिदेश करता,
　　चेतना किरिया तहां॥
तीनों अभिन्न अखिन्न शुध,
　　उपयोगकी निर्मल दशा।
प्रकटी जहां दृग ज्ञान वृत ये,
　　तीन धा एकै लशा॥

उक्त भाव ही आत्माके सच्चे सुखकी प्राप्ति करा सकते हैं। आत्मा ज्ञान-दर्शनमय, चैतन्य, अखंड, अमूर्ति, अबिनाशी है। वह अनंतसुखी तथा अनंत बलका धारक चिदानंद, चैतन्य भावोंका भोक्ता है। यदि वह अपने चैतन्य रूपमें लीन होजावे तो वह सहज हीमें सच्चे सुखकी प्राप्ति कर सकता है, किंतु वह मिथ्या मोहके कारण अपने स्वरूपकी पहिचान नहीं करता, परपदार्थोंसे स्नेह नहीं तोड़ता, रागद्वे षादि भावोंसे विरक्त नहीं होता, और न अपने आपको अपनाता, बस इसीसे वह अपने सच्चे सुखका लाभ नहीं कर पाता।

मिथ्या मोहके वशीभूत होकर यह आत्मा अपनी परणतिको भूलकर पर परणतिको ही अपनी परणति मान लेता है, जैसे शरीरके जन्मको अपना जन्म और शरीरके नाशको अपना नाश। अथवा जो राग, द्वेष, काम, क्रोध, मान, माया, लोभ आदि प्रकट रूपसे जीवोंको दुख देनेवाले हैं, उन्हींकी सेवा करता हुआ अपनेको सुखी समझता है।

मोही आत्मा अपनेको कभी सुखी, कभी दुखी, कभी राजा, कभी रंक, कभी धनिक कभी निर्धन, कभी पंडित, कभी मूर्ख, कभी गोरा, कभी काला, कभी कुबड़ा, कभी सुडौल सुन्दर शरीरवाला, कभी कांना, कभी लंगड़ा इत्यादि मानता है, किन्तु यथार्थमें ये सब पुद्गलके रूप हैं, उसके (आत्माके) नहीं। इसीसे वह अपने सच्चे सुख-को नहीं पाता। यदि वह सुख दुःख आदिकी मिथ्या कल्पनाको छोड़ ऐसा विचार करे, कि मैं सुखी, दुःखी, गोरा, काला, आदि कुछ भी नहीं हूं, मेरा स्वरूप तो सबसे निराला है, मैं अखंड, अबिनाशी, शिवपुरका वासी, चैतन्य आत्मा हूं, इस विचारसे वह अवश्य ही अपने सच्चे सुखामृतके सागरमें निमग्न हो मोक्षका अधिकारी हो सकता है, बस यही आत्माका सच्चा सुख है।

ॐ शांतिः　शांतिः　शांतिः॥

प्रेमचंद पंचरत्न
विद्यार्थी, दि० जैन विद्यालय-भिन्ड।

संयुक्तप्रान्तके-प्राचीन जैनस्मारक।
ब्र० सीतलप्रसादजी द्वारा संग्रहित इस ग्रंथमें संयुक्तप्रांतके ३७ जिलोंके प्राचीन स्मारकका अपूर्व दिग्दर्शन है। मूल्य लागत मात्र सिर्फ छह आने। एक मंगानेवाले।≈)के टिकिट भेजें।

बंगाल बिहार उड़ीसाके प्राचीन जैन स्मारक—इस ग्रन्थमें भी ब्रह्मचारीजीने बंगाल बिहार उड़ीसाके १७ जिलोंके प्राचीन जैन स्मारकका दिग्दर्शन कराया है। लागत मात्र मू० पांच आने एक मंगानेवाले।≈) के टिकिट भेजें।

मैनेजर-दि० जैनपुस्तकालय-सूरत।

नीतिरत्न-माला-२.

निरमलता जिम रत्नमें, विना शान नहिं होय।
साधु प्रकृति तिम प्रकट, आपद बिन नहिं होय॥२३
जैसो चित तैसो बचन, यथा वाच तिम कर्म।
मनवच तन त्रय एकता, साधुनको यह धर्म ॥२४

अंतर्लापिका—

नमें यजें किसेको प्रथम, नमें किसे तीर्थेश।
ध्यान स्मरण किनै कब करें, अरहत सिद्ध हमेश॥२५

बोध सुकृत धन दानहित, चिंता स्वात्मविचार।
जीवन तिनको धन्य है, बाचा पर उपकार ॥२६
सर्वावस्था सब जगह, गुणिजन पावत मान।
मणि मूर्ध्निगल बाहुकर, पहनो तहां शोभान ॥२७
होंय विवेकी धन हुवे, विनयि जु विद्यावान।
रहित मान सत्ता मिले, चिन्ह महाजन जान॥२८
आगम साक्षी बिन करै, पावै सो अपमान।
ज्योतिष वैद्यक धर्मको, निर्णय दंड विधान॥२९
दुर्जन ढूंढें छिद्रको, व्यवसायी व्यापार।
याचक ढूंढें दानिको, कामी कुलटा नार ॥ ३०
ज्ञानि चहें सिद्धांतको, वेश्या धनिक महान।
योगीजन एकांतको, चाहें ठग अज्ञान ॥३१
राजा स्त्री अरि सरप, योवन रूप निधान।
आयु इन बसु बस्तुको, करो प्रतीतक दान॥३२
जहर शस्त्र विक्रय करै, चौर क्रूर मद पान।
गर्भपातिनी स्वैरिणी, संगति करो कदान ॥३३
आतम विद्या हीनको, विद्या जाल निरर्थ।
जैसे विधवा नारि तन, भूषण भूषित व्यर्थ॥३४
धर्म अरथ अरु काम शिव, इन जड जीवन जान।
तिस रक्षक किं नहिं दियो, हरता क्या न हरान॥३५
सर्व बैरको हेतु है, प्राणनको विनिपात।
यातें त्रेधा जिन तजो, द्वेष कहांतें जात ॥३६
लज्जा भूषण पोषिता, भूषण क्षमा पुमान।
भूषण धारण अन्यथा, विधवा बिंदु समान ॥३७
दान भोग बिन जासदिन, गये जांयगे जांय।
तिस धन जीवित इमनि फल, बिंदु अंक विहाय ३८
अति परिचयतें मानक्षय, नवगुण पूजित होंय।
पूर्ने दोयज चंद्रमा, पूर्ण चंद्र नहिं कोय ॥३९
जलनिधि वेष्टित भूमिबर, वेष्टित गृह प्राकार।
भूपाऽवरणित देश शुभ, लज्जाऽवरणित नार॥४०
गुप्त भेद सब मित्रसे, मत कहो नहीं विश्वास।
रोषित होय कदापि तौ, सबमें करे प्रकास ॥४१
शत्रु सहायक यूथमें, देखो जब सब मेल।
सावधान है तब रहो, होय फूट तब केलि ४२

अंतर्लापिका=मोक्षप्राप्तिको पात्रको कौन चेतनावान
सप्त तत्वको[३] क्या करें, भव्य[१] जीव[२] सरधान[३] ४३

महत्व बढ़नके अर्थ जो, करहैं बाद विवाद।
बुद्धिमान विद्वानसे, जानो तिसधी छाद ॥४४
श्रेष्ठि सभामें बिन कहे, गये होय अपमान।
जावो जहां उपदेश हो, धर्मनीति अरु ज्ञान ४५
शौर्य रणमें पुरुषको, क्रोध हुवे विद्वान।
विपति पडे पर मित्रकी, स्वतःपरख हो आन ॥४६
द्रव्य बंधु वय सच रेत, विद्या सब न प्रधान।
मनुष्य प्रतिष्ठा वर्द्धिका, वस्तु पांच सुजान ॥४७
दान समा कोउ पुन नहिं, लोभ समां नहिं पाप।
सुक्ख नहीं संतोष सम, चिंता सम संताप॥४८
स्वहित आचरो सरवथा, किं बहु नहिं कान।
नहिं उपाय कोऊ इसो, तोषें सर्व पुमान ॥ ४९

१ अरहत, २ सिद्ध, ३ अरहतसिद्ध हमेश।

१ भव्य २ जीव ३ सरधान।

मिट्टीके उपचार।

मिट्टीके उपचारोंके सम्बन्धमें भी हमें थोड़ी बहुत जानकारीकी आवश्यकता है; क्योंकि कितने ही रोगोंमें पानीके इलाजसे भी मिट्टीके इलाज आश्चर्यकारक देखे गये हैं। हमारे शरीरका बहुतसा भाग मिट्टीका बना है, इस कारण यदि हमारे शरीरपर मिट्टीका प्रभाव पड़े तो इसमें कोई आश्चर्यकी बात नहीं है। मिट्टीको सब पवित्र मानते हैं। दुर्गंध दूर करनेके लिये मिट्टीसे जमीन लीपी जाती है, सडी हुई जगह मिट्टीसे पूरी जाती है, हाथ मिट्टीसे साफ किये जाते हैं। यहांतक कि गुप्त अंग भी मिट्टीसे पवित्र किये जाते हैं। इस देश (नाताल) के लोग फोडे फुन्सियोंपर मिट्टीका प्रयोग करते हैं। मुर्दोंको मिट्टीके भीतर गाडनेसे वे हवाको खराब नहीं कर सकते। मिट्टीकी इस महिमासे हम अनुमान कर सकते हैं कि मिट्टीमें कितने ही खास और उत्तम गुणोंका होना संभव है।

जैसे लुइकूनेने पानीके सम्बन्धमें बहुत विचार करके कितने ही अच्छे अच्छे लेख लिखे हैं वैसे ही जुस्ट नामके एक जर्मनने मिट्टीके संबन्धमें बहुत कुछ लिखा है। उसका तो यहांतक कहना है कि मिट्टीके उपचारसे असाध्य रोग भी मिट सकते हैं। उसने लिखा है कि एक बार उसके पासके गांवमें एक आदमीको सांपने काट खाया था, बहुतसे आदमियोंने समझ लिया कि वह मर गया, परन्तु उस समय किसी आदमीने उन लोगोंको सलाह दी कि जुस्टके पास जाकर इसकी जांच कराई जायगी तो अच्छा होगा। वैसा ही किया गया। जुस्टने उस सर्पके काटे हुए आदमीको पहिले मिट्टीमें गडवा दिया और फिर इसके थोडी ही देर बाद निकाल कर देखा गया तो उसे सुध आगई थी। यह अघटित घटना है, परन्तु जुस्टको झूंठ लिखनेका कोई कारण नहीं है। मिट्टीमें गडवानेसे बहुत गरमीका होना तो प्रकट बात है, परन्तु उस सांपके काटे पर मिट्टीके अदृश्य जन्तुओंका क्या प्रभाव पडा, इसके जाननेका कोई साधन नहीं है। तब भी इतना तो जान पडता है कि मिट्टीमें विषको चूस लेनेका गुण है। इतना होनेपर भी जुस्ट लिखता है कि किसीको यह न समझ लेना चाहिये कि सांपके काटे हुए सभी मिट्टीके इलाजसे जी उठते हैं, परन्तु किसी खास मौकेपर मिट्टीका इलाज करना आवश्यक है। बिच्छू और ततैयाके काटेपर मिट्टीका इलाज विशेष उपयोगी है। इनके डंकोंपर मैंने स्वयं परीक्षा करके देखा है कि इस इलाजसे तुरन्त लाभ हुआ है। ऐसे समय डंकपर मिट्टीको ठंडे पानीमें मलकर गाढी पुलटिस बांध देनी चाहिये और उसपर पट्टी बांध देनी चाहिये।

नीचे लिखे हुए उदाहरणोंमें मैंने मिट्टीके उपचारका स्वयं अनुभव किया है। दस्तवालेके पेडूपर मिट्टीकी पुलटिस बांधनेसे दो तीन दिनमें आराम हो गया है। सिरदर्दवालोंके सिरपर मिट्टीकी पुलटिससे तत्काल लाभ हुआ है। आंखोंपर मिट्टीकी पुलटिस बांधनेसे आंखोंका

दर्द मिट जाता है। चोट लगकर सूजन चढ गई हो, या न भी चढो हो तो मिट्टीकी पुलटिससे दोनों दर्द आराम हो जाते हैं। कई वर्ष पहिले मैं जब फ्रूट साल्ट लेता तभी अच्छा रह सकता था। १९०४ में मिट्टीकी उपयोगिता पर मेरा ध्यान गया और तभीसे मुझे फ्रूट साल्ट वगैरहके लेनेकी किसी दिन आवश्यकता न पड़ी। जिसे बद्धकोष्ट रहता है उसे पेडूपर मिट्टीकी पुलटिस बांधनेसे बड़ा लाभ होता है। पेटमें दर्द होता हो तो मिट्टी बांधनेसे वह हलका हो जाता है। मिट्टीके बांधनेसे अतिसार तक मिट जाता है। पेडू और सिरपर मिट्टीके बांधनेसे जोरका बुखार भी एक दो घंटेमें कम पड जाता है। फोडे, फुंसी, खुजली, दाद वगैरह पर मिट्टी बांधनेसे प्रायः बहुत लाभ होता है। फोडोंसे रसी निकलती हो तो मिट्टीकी उपयोगिता कम हो जाती है। जलेपर मिट्टी बांधनेसे जलन कम हो जाती है और सूजन नहीं चढती। अर्श (मसे) वालेको मिट्टीका बांधना लाभकारी है। पाला पडनेसे प्रायः हाथ, पैर सुर्ख होकर सूख जाते हैं, उनपर मिट्टी बांधनेका असर हुए विना रह ही नहीं सकता। खुजलीवाली बादीपर मिट्टी गुणकारी है। दुखते हुए जोडोंपर मिट्टी लगानेसे तरन्त लाभ होता है। इस तरह मिट्टीके बहुतसे प्रयोग करनेपर मुझे जान पडी है कि घरू इलाजके तौरपर मिट्टी अनमोल चीज है।

सब प्रकारकी मिट्टीका एकसा गुण नहीं होता। सुर्ख मिट्टी विशेष गुणकारी जान पडी है। मिट्टीको हमेशा अच्छी जगहसे खोदकर लानी चाहिये। अगर मिट्टीमें गोबर बहुत हो तो उसे काममें न लेनी चाहिये। मिट्टी बहुत चिकनी न होकर थोडी चिकनी और रेतीली अच्छी होती है। उसमें किसी प्रकारका कचरा वगैरह न होना चाहिये। मिट्टीको बारीक चलनीमें छानकर सदा ठंडे पानीमें भिगो रखनी चाहिये। आटेको गूंदनेसे वह जितना कठिन रहता है उतनी ही कठिन मिट्टी भी रहनी चाहिये। मिट्टीको बिना इस्त्री किये हुए साफ बारीक कपड़ेमें बांधकर जिस जगह आवश्यकता हो वहांपर पुलटिसके माफिक उसका उपयोग करना चाहिये। मिट्टी शरीरपर सूख न जाय इसके पहिले ही उसे हटा लेना चाहिये। एक बारकी पुलटिस साधारण तौरपर २-३ घंटेतक चल सकती है। काममें आई हुई मिट्टी फिर काममें न लेनी चाहिये। काममें आया हुआ कपडा, यदि उसमें पीव, खून न लगा हो तो, फिर काममें लाया जासकता है। पेडू पर मिट्टी रक्खी हो तब उसपर एक गरम कपडा रखकर पट्टा बांध देना चाहिये। हरएक आदमी एक डब्बेमें मिट्टी भरकर रख छोडे तो उसे ठीक मौकेपर इधर उधर भटकने फिरनेकी आवश्यकता न पडेगी। उसे जब जरूरत पडेगी तभी वह उस मिट्टीको काममें ला सकेगा। बिच्छूके डंकपर जितनी जल्दी मिट्टी रक्खी जासके उतना ही अच्छा है। "जयाजीप्रताप।"

पवित्र काश्मीरी केशर-

का भाव ३) फी तोला है।

मैनेजर-दि० जैन पुस्तकालय-सूरत।

ज्ञाति-तंत्र ।

આજકાલ ગરમીની રજાઓ હોવાથી વિદ્યાર્થીઓ પોતાની માતૃભૂમિએ ગયા હતા, તેથી કામકાજ ઓછું હોવાથી અમે દરરોજ સાંજે રેલ્વેના ક્રોસીંગ સુધી મિત્ર સાથે ફરવા જતા હતા. આજે રવિવાર હોવાથી રાત્રે અમારા યુવક મંડળની સભા હતી તેથી અમે વહેલા ફરવા જવા ઇચ્છતા હતા. રસ્તામાં ચાલતાં ભાઇ છગનલાલ અચાનક મળી ગયા અને સર્વે સાથે વાર્તાલાપ કરતાં રેલ્વે ક્રોસીંગ સુધી ગયા. ઝાડોની ઘટાને લીધે ઠંડા પવનનાં મોજાં આનંદ આપવા લાગ્યાં એટલામાં નીચે પ્રમાણે વાર્તાલાપ શરૂ થયો:-

મણિલાલ-કેમ ભાઇ છગનલાલ? હાલમાં તમો ફરવા આવતા નહોતા તેનું શું કારણ? પ્રકૃતિ તો સારી હતીને?

છગનલાલ-ભાઇ મણીલાલ! મારી તબીઅત તો સારી હતી, પણ ગરમીની રજાઓને લીધે હું મારા ભાઇબંધને ત્યાં મળવાને માટે ગયો હતો, એટલે લગભગ પંદર દિવસ ત્યાં રહ્યો હતો, તેથી તમને મળી શક્યો નથી.

મણિલાલ-ભાઇબંધને ત્યાં ગયા પણ ત્યાંના નવાજુની સમાચાર તો જણાવશો કે નહિ? આટલા બધા દિવસ મળવાનું કેવું હોય?

છગનલાલ-ભાઇ, મારે તો ત્યાં ફક્ત ત્રણ દિવસ રહેવાનું હતું પરંતુ ચોથા દિવસે મારા ભાઇબંધના છોકરાનો વિવાહ કરવા સારૂ કેટલાક આપણી જ્ઞાતિમાંથી આવ્યા હતા, અને તે કારણને લીધે વધુ દિવસ રહેવું પડ્યું.

મણિલાલ-ત્યારે તો તમારે મિષ્ટાન્નપાણીની બહુ લહેજત પડી હશે! વિવાહ કેવી રીતે કર્યો તે વાંધો નહિ હોય તો જણાવશો.

છગનલાલ-ભાઇ વિવાહની તો વાતજ કહેવાની નથી. પહેલે દિવસે વિવાહ કરવાવાળાઓએ મનમાં કંઇ ગુપચુપ ચલાવ્યા કર્યું અને છેવટે જાહેર કર્યું કે જો સોનું તોલા ૪૦) વરવાળો આપવાનું કહે તો વિવાહ કરીએ. અમારે સોનું ઘરમાં મુકવું નથી પણ એ તો જોઇએ. લગ્ન થાય તે પહેલાં તે સોનાના દાગીના જોઇએ એવું તમો લખી આપો અને ટીકીટ લગાવી સહી કરી આપો તો વિવાહ કરીએ. આવી વાત સાંભળી મારો ભાઇબંધ અને હું તો આશ્ચર્ય થઇ ગયા. મારા ભાઇબંધને ત્રણ પુત્ર અને એક પુત્રી હતી અને સાધારણ સ્થિતિના હતા. અમે સર્વે ભેગા થઇ વિવાહ કરવો કે નહિ તેનો વિચાર કરવા લાગ્યા પરંતુ ગામના આગ્રહથી ત્રીજે દિવસે વિવાહ કર્યો અને ગોળધાણા આપી નક્કી કર્યું.

મણિલાલ-વાહ! વિવાહ તો બહુ સારી રીતે થયો. તમો કહોછો કે ભાઈબંધની સ્થિતિ સાધારણ છે. વળી ત્રણ પુત્ર તેમજ એક પુત્રી છે તો તે સોનું ક્યાંથી લાવીને આપશે? જરા તો વિચાર કરો કે બીજા છોકરાઓની સ્થિતિ શું થશે? તમારા ભાઇબંધના ઘરના છાપરા ઉપર નળીયાં કેટલાં છે?

આપણી જ્ઞાતિમાં દિવસે દિવસે સુધારા તો પ્રથમ કરતા સારા થતા જણાય છે. આવા સુધારાથીજ આપણી જ્ઞાતિની ચઢતી થવા વકી છે! ઠીક રીવાજ તો સારો થયો! ભાઇ છગનલાલ, વર તેમજ કન્યાની ઉમર કેટલી છે? બંન્નેએ કંઇ અભ્યાસ બીજો કરેલો છે કે નહિ?

છગનલાલ-ભાઇ, લગ્ન વખતે કોઇના ત્યાં ઘર ગીરો મુકી દાગીના બનાવીશું અને કન્યા આવશે ત્યારે દાગીના લઈ લેઇ ગીરોવાળાને ત્યાં વેચી મારીશું. વળી કન્યાવાળા તો કહેતા હતા કે બીજા છોકરાઓ ભલે ભીખ માગે પણ અમે તો લખ્યા મુજબ કરીશું. વળી વર તેમજ કન્યાની ઉમર પુછવાની નથી. કારણ કે એ તો લાકડે માંકડું વળગાડ્યું છે. ભલે વર કાણો હોય કે પછી કન્યા ખોબડી હોય. ભણવાની બાબતમાં તો બંન્ને જણ પારંગત થયેલાં છે એટલે તે તો પુછવાનું રહ્યુંજ નથી.

મણિલાલ-ભાઇ, ત્યારે તમારાથી આ બધું

સહૃન કેમ થયું ? વિવાહ તો નક્કી થઇ ગયો કે હજું કંઇ બાકી રહી ગયું છે ?

છગનલાલ—જો સહન ન કરૂં તો તે વખતે શું કરૂં ? આ તો હજુ બોલ બોલ્યા છે. કાગળ લખવાના બાકી છે. બે એક મહિના પછી સારો દિવસ એટલે કે સોમવાર આવતાં અઠવાડીયું લાગે તેવું મુરત કાઢી પચીશ, ત્રીસ માણસો મારા ભાઇબંધને ત્યાં આવશે. પહેલે દિવસે કંસાર, બીજે દિવસે શીરો, ત્રીજે દિવસે માલપુઆ એમ ફરતું જમણ જમશે અને આખો દિવસ ખાટલામાં સુઇ રહી દિવસો પસાર કરશે. તેમાં જો વળી નવરાશ મળશે તો ગપગેજેટ ચલાવી કોઇનું નખોદ કાઢશે. આવી રીતે ધીપોળીનું અઠવાડીયું પુરૂં થશે એટલે સહુ ઘેર જશે.

મણિલાલ—ત્યારે તો ભાઇ તેઓ ચોમાસાના નવરાસના દિવસોમાં આવશે, એટલે ચતુર્મસ હોવાથી દેવદર્શન સારી રીતે થઇ શકશે.

છગનલાલ—હા ભાઇ હા, ચોમાસાના નવરાશના દિવસોમાં આવશે. એટલે ખાઇ પી એશઆરામથી સુઇ રહેશે. દેવદર્શનને બદલે કોઇની ખોટી કુથલી કરી પાપ ધોઇ નાખશે કારણકે ધોબી તો પૈસા આપીએ તો કપડાં ધુવે અને આ તો વગર પૈસે પાપ ધોવાય. મોટી મોટી પાઘડીઓ બાંધી આ વખતે આવશે અને મોજમજા ભોગવશે.

મણિલાલ—બળી તમારી મોજમજા. એવી મોજમજાને નાખો ખાડામાં. મને તો આવી વાતો સાંભળીને કંટાળો ઉપજે છે.

છગનલાલ—આટલાથી તમે શું થાકી જાવ છો ? હજુ આગળ સાંભળશો એટલે વધારે જાણવાનું મળશે. વિવાહ કર્યા પછી અમો અમારા ભાઈબંધ સાથે તેમના સાળાના લગને ગયા. લગન વૈશાખ વદી ૧૧નું હતું. જાન વદી ૧૦ ના રોજ જવાની હતી. લગન પહેલાં ઘીના ડબ્બા ૨૦ તથા બીજો સીધાનો સરસામાન સાથે ત્રણ ગાડલાં ભરાવી પહેલાં મોકલી દીધાં હતાં.

મણિલાલ—આટલા બધા ડાબડા લઇ ગયા હતા એટલે હું ધારૂં છું કે ત્યાં સાઠ, સીત્તેર ઘરની વસ્તી હશે ?

છગનલાલ—અમે જ્યાં જાન લઇ જવાના હતા ત્યાં આપણા ગ્નાતિવાળાંની વસ્તી રાંડીરાંડ બાઇઓ સાથે દશ કે બાર ઘરની હતી. અને તેથી ખરચ તો ફકત ત્રણ કે ચાર મણનું હતું, પરન્તુ કન્યાવાળો જેમ કહેશે તેમ તે ઘીનો ઉપયોગ થશે.

મણિલાલ—કન્યાવાળો મરજીમાં આવશે તે પ્રમાણે ઉડાઉ ખરચ કરાવી પોતાની દીકરીનાં ઘરમાંથી પૈસા કઢાવે છે. તેની ઘૃણા જરા પણ નથી આવતી કે શું ? આના કરતાં દાપાના રૂપીઆ લેવા તે વધારે સારૂ છે.

છગનલાલ—તમારૂં કહેવું યથાર્થ છે, પણ તેમનું કહેવુ તો એમ છે કે ભલે દીકરી ઘેર જઇ છાજીયા લે પણ અમારે તો પટેલીયા, દરજી, સુતાર, લુહાર વિગેરેને અમારી મરજી પ્રમાણે આપવું પડશે. અને આગળ સીધું મોકલાવ્યું છે, તેનો પણ તેવીજ રીતે ઉપયોગ થશે.

મણિલાલ—આ તો બધું સાંભળ્યું. ઠીક, પણ વરવાળાએ જાન કાઢી વરઘોડો ફેરવ્યો તેની બીના તો રહી ગઇ.

છગનલાલ—વરઘોડો વદી ૮ નો હતો. તેમાં પંચની રજા જોઇએ તે તો ઠીક વાત છે, પણ દશ દશ વખત ફેરા ખાઇએ તો પણ ભેગું તો થાયજ નહિ. વળી જે દિવસે જાન કાઢી ત્યારે તો હમારા પગ ફરી ફરીને થાંભલાજ થઇ ગયા. કમાડ પાછળ કોથળો મુકી ના, હા, કરતાં ગ્નાતિવાળાઓને જાનમાં લઇ ગયા.

મણિલાલ—જાન જો લંબાણની હોય તો રસ્તામાં કંઇ જમાડવું પડે કે નહિ ?

છગનલાલ—અલબત, તે તો કંઇ ચાલે ખરૂં કે? રસ્તામાં વખત થાય એટલે ખીચડું નાખવુંજ પડે. તેમાં જો ભોગજોગે શાક મળી આવે તો ખીચડું પણ જમે નહિ અને વરવાળાને ખરા તાપમાં ત્રાહે ત્રાહે પોકરાવે.

મણિલાલ—ખરેખર આવી રીતેજ આપણી ઉન્નતિ થઇ શકશે ! વરવાળાને મદદ કરવાનું તો રહ્યું પણ તેનાથી ઉલટું તેને હેરાન કરવો એવો રીવાજ તો આપણી ગ્નાતિમાંજ છે. ઠીક હવે આગળ ચાલવા દો.

श्री महावीर जयन्ती

१७ एप्रिल सन् १९२४ ई० को।

वीर शासनकी पताका फहरा दो।

समय सदा एकसा किसीका नहीं रहता। उत्थान, पतन, उन्नति, अवनतिका चक्र सदैव घूमता ही रहता है। किन्तु हमारी जैन समाजके ह्रासकी गति विधि ही निराली है। जबसे ह्रास मार्गपर इसने क़दम रक्खा है, यह गिरती ही जा रही है। दशा यह है कि उसके अस्तित्वके अभावका प्रश्न सन्मुख है और उसे जैसे उसका पता तक नहीं है।

गिरना बुरा नहीं। जो चढ़ते हैं वे ही गिरा करते हैं। जो गिरते हैं वे ही बढ़ा करते हैं। किंतु यदि गिरा हुआ व्यक्ति अपने विगत गौरवका विस्मरण करदे, वह अपनी पतित अवस्थामें ही उद्धार समझ ले, तो उसका उत्थान असम्भव है। उसका पतन चरम सीमा तक हो चुका समझना चाहिये। दुर्भाग्यवश हमारी जैन समाजकी अवस्था भी ऐसी ही हृदय-विदारक होती जारही है।

आजसे २४५० वर्ष पूर्वकी बात है। भगवान महावीर अपने दर्शनोंसे धरणीतलपर शांति-सौख्य वृष्टि कर रहे थे। आचार्य मुनिवृन्द विहारकर ज्ञानामृत वर्षाके साथ साथ धर्म-प्रभावना करते थे। सारे संसारमें अहिंसाधर्मकी पावन-पताका फहरा रही थी। हां, हां, वीर शासनकी जयजयकारसे वायुमंडल गूंज रहा था। उसके पश्चात् हमारे पूर्वजोंने धर्म चारित्रको पाला, और साधिकार वीर जयंती मनाते रहे।

पतनका आरम्भ हुआ और जैन समाजमें भेद-भावकी वृद्धि हुई। बात यहांतक बढ़ी कि एक सम्प्रदाय दूसरे सम्प्रदायके परम शत्रु बनते गए और आज वे धर्मके नामपर जिस अंतःकलहके रक्षक बन रहे हैं उसका विचार सच्चे धार्मिकके हृदयमें गहरी चोट पहुंचाये विना नहीं रह सकता।

देखें कहीं पूर्वज हमारे स्वर्गसे आकर हमें।
आंसू बहावें शोकसे इस वेषमें पाकर हमें॥

इधर हम भेदभावकी चक्कीमें पिस रहे हैं। उधर समय अपने तीक्ष्ण प्रहार करनेपर तुला हुआ है। जैन समाजका अस्तित्व उसका महत्व और अधिकारकी स्वीकृति तकमें क्या सरकार क्या कांग्रेस-हर स्थल पर उपेक्षा की जारही है। और यह हमारा अपना दोष है कि हम इस बेबसीकी दशासे छुटकारा पानेके लिए बेदार नहीं होते।

वह जातियां जिनका उत्थान असम्भव समझा जाता था, आज दौड़ लगा रही हैं। भेद-भावका क्रीणास्थल हिंदु समाज सजग होगया है। संख्या वृद्धिके महत्वको उसने समझ लिया है। यवन अपनी उन्नतिके लिए कितने बेदार हैं! संगठित ईसाई

और आर्य समाजकी तो आज जैसे बन पड़ी है; इने गिने सिक्खोंकी सीख जातीयताका कैसा आदर्श रख रही है, मगर जैन समाजकी गंगा उलटी ही बह रही है। उसकी पाचन-शक्ति विनष्ट होचुकी है।

यदि अब हम जीना चाहते हैं ?

जैसा कि श्री महावीर जयन्तीकी हलचलसे परिलक्षित होता है, तो कमर कसकर कर्तव्य-क्षेत्रमें अवतीर्ण होना पड़ेगा। अपनी आन्तरिक और बाह्य विरोधी शक्तियोंसे डट कर मोरचा लेना होगा। अब समय नहीं रहा कि सब अपनी २ ढपली और अपना २ राग अलापकर अपना अस्तित्व कायम रखा जासके। विशाल जैन जगतके निर्माणके लिए हमें अपने हृदयोंको विशाल बनाना चाहिये। व्यक्तिगत स्वार्थियोंकी स्वार्थसाधना वीर-शासनकी प्रभावनामें बाधक नहीं होसकती।

श्री महावीर भगवान, दिगम्बर, श्वेताम्बर, स्थानकवासी सबके समान पूज्य हैं। उनके वियोगके पश्चात् ही हम अभागे प्रथक श्रेणीबद्ध होगये हैं। आओ ! जागृत जैनसमाजके आधारभूत वीरो, आओ !! बिछुड़े भाई वीर भगवानके नामपर गले मिलनेका आयोजन करें। भगवान वीरके समयकी ओर बढ़नेके लिए-ऐक्यसूत्रमें बँधनेके लिए-फिर आगे बढ़े। यही उपयुक्त समय है जब कि जैन मात्र एक होकर श्री महावीर जयन्ती मनावें। और प्रत्यक्ष करदें कि मतभेद होते हुए भी हमारे हृदय एक हैं और अहिंसा धर्मके प्रचारके लिए हम सब एक ही हैं। इसके लिए ऐसा संगठन वांछनीय है जहां दिगंबर, श्वेतांबर, स्थानकवासी समस्त जैन बांधव प्रेमसे मिलकर जातीयता और जैनधर्म प्रचारकी चेष्टा कर सकें।

श्री भारत जैन महामण्डल-ही एक ऐसा संगठन है जिसके द्वारा हम अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। इसके उद्देश्य:-

१. जैन समाजकी एकता व उन्नति। २. जैनधर्मकी रक्षा व प्रचार-

हैं अतएव सर्वाङ्गपूर्ण जैन धर्मकी छाप संसारके हृदयपर लगाने तथा जैन समाजकी स्वत्वरक्षाके लिए यह आवश्यक है कि सब सम्प्रदायके जैन बंधुओंकी सम्मिलित शक्तिसे श्री भारत जैन महामण्डलकी शाखाएँ स्थान २ पर खोली जायँ।

वीर भगवानके भक्तों ! आओ -विशाल जैन जगतके निर्माणमें सहायक होकर सच्ची महावीर जयंती मनानेके अधिकारी बनो ! श्री भारत जैन महामण्डलके विषयमें विशेष जाननेके लिए निम्न पतेपर पत्र व्यवहार कीजियेः-

चेतनदास, बी० ए० प्रधान मंत्री, भारत जैन महामंडल,
हेडमास्टर, गवर्नमेन्ट हाईस्कूल-मथुरा।

"जैनविजय" प्रिन्टिंग प्रेस खपाटिया चकला-सूरतमें मूलचंद किसनदास कापड़ियाने मुद्रित किया और "दिगम्बर जैन" आफिस, चंदावाड़ी-सूरतसे उन्होंने ही प्रकट किया।